उज्जैन
रविवार
22
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-137
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



एक्ट्रेस राम्या धुरंधर 2 पर भड़कीं: रणवीर सिंह के बालों का उड़ाया मजाक फिल्म देखनो के बजाय पैसे बचाएं, ओटीटी का इंतजार करें

पेज- 8

## मोदी सबसे बड़े घुसपैठिए बंगाल में अघोषित राष्ट्रपति शासन लगाया : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम नरेंद्र मोदी को सबसे बड़ा घुसपैठिया बताया। उन्होंने कहा- जब आप विदेश जाते हैं तो नेताओं से हाथ मिलाते हैं और दोस्ती की बात करते हैं। लेकिन जब आप भारत लौटते हैं तो अचानक हिंदू-मुस्लिम नैरेटिव शुरू हो जाता है और लोगों को घुसपैठिया कहा जाता है।



कोलकाता की रेड रोड पर ईद की नमाज के बाद नमाजियों को संबोधित करते हुए टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, 'फिर आप नाम हटाने और लोगों को घुसपैठिया बताने की बात करते हैं। मैं कहूंगी, आप बड़े घुसपैठिए हैं। उन्होंने कहा, आपने हमारी सरकार पर कब्जा कर लिया है और अनऑफिशियल प्रेसिडेंट रूल लगा दिया है लेकिन हम डरेंगे नहीं।

## प्रशासन ने भारी भीड़ के चलते वैष्णो देवी यात्रा पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा को शनिवार शाम अस्थायी रूप से रोक दिया गया। प्रशासन ने यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लिया है। बताया जा रहा है कि दोपहर से ही यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही थी और शाम करीब 4 बजे स्थिति को नियंत्रित करने के लिए यात्रा को स्थगित करना पड़ा। हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान देशभर से लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए कटरा पहुंचते हैं, लेकिन इस बार भीड़ ने पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की संख्या इतनी अधिक हो गई थी कि मार्ग पर भीड़ का दबाव बढ़ने लगा, जिससे हादसे की आशंका पैदा हो गई थी।

## सीजेआई बोले- एआई ज्यूडीशियरी को मजबूत करने में मदद करे

**बेंगलुरु।** सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) को ज्यूडिशियल सिस्टम में इस तरह से शामिल किया जाना चाहिए जिससे यह हमारी व्यवस्था को मजबूत करे, न कि उसके असली काम को ही कमजोर कर दे। सीजेआई बोले- एआई को बड़ी मात्रा में डेटा और रिकॉर्ड को संभालने, पैटर्न पहचानने और सिस्टम में हो रही देरी को कम करने में मदद करनी चाहिए। वह फैसले सुनाने के काम में दखल न दे, बल्कि फैसले इंसानों के हाथों में ही रहना चाहिए। चीफ जस्टिस सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के बेंगलुरु में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में शामिल हुए थे।



## भारत में आतंकी घटनाओं में 43% की कमी, पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों में टॉप पर

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले एक साल में आतंकी घटनाओं में 43% की कमी दर्ज की गई है। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 की सूची में भारत 13वें स्थान पर आ गया है। पिछले साल के मुकाबले भारत दो पॉइंट नीचे आ गया है। इससे पहले भारत 11वें स्थान पर था। वहीं, सूची के अनुसार दक्षिण एशिया लगातार दसवें वर्ष आतंकवाद से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र बना हुआ है। पहली बार पाकिस्तान इस लिस्ट में टॉप पर है और आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देश बन गया है। अफगानिस्तान में हालात में सुधार है और यह अब टॉप 10 देशों की लिस्ट से बाहर आ गया है। दुनियाभर में 2025 में आतंकवाद से होने वाली मौतों में 28% की कमी आई है। आतंकी हमलों की संख्या भी लगभग 22% गिरकर 2,944 हो गई है।

### ट्रम्प का ईरान को अल्टीमेटम- 48 घंटे में होर्मुज खोलें

# नहीं तो पावर प्लांट तबाह करेंगे

## ईरान बोला- अमेरिका-इजराइल के वाटर प्लांट उड़ा देंगे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रविवार को लिखा, अगर ईरान 48 घंटे के भीतर होर्मुज को नहीं खोलता है, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा और उन्हें तबाह कर देगा और शुरूआत सबसे बड़े प्लांट से होगी। वहीं, ईरान



ने चेतावनी दी है कि अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचे पर हमला करेगा।

### ईरान का इजराइली शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला

ईरान के खातम अल-अनबिया सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता इब्राहिम जुल्फाघारी ने कहा कि ईरान अमेरिका और इजराइल से जुड़े समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले प्लांट (डिसेलिनेशन प्लांट) और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी हमला करेगा। ईरान ने शनिवार रात इजराइल के दक्षिणी शहर डिमोना पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, जिससे करीब 20 लोग घायल हो गए। डिमोना वही शहर है जहां इजराइल का न्यूक्लियर प्रोग्राम सेंटर है। ईरान के राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने शनिवार को पीएम मोदी से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्रिक्स को ईरान पर हो रहे हमलों रोकने में भूमिका निभानी चाहिए।

## तेल की कीमतें बढ़ना महंगाई का संकेत: राहुल

### कहा- सरकार भले ही इसे नॉर्मल बताए, लेकिन रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने डॉलर के मुकाबले रुपए के गिरने और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत बढ़ने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने एक्स पोस्ट में लिखा, रुपए का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी, ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं। उन्होंने लिखा कि सरकार चाहे इसे नॉर्मल बताए, लेकिन हकीकत ये है कि उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे, एमएसएमई2 को सबसे ज्यादा चोट लगेगी, रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे। राहुल ने लिखा कि विदेशी संस्थागत निवेशक का पैसा और तेजी से बाहर जाएगा, जिससे शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा। यानी हर परिवार की जेब पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ना तय है।

## अमेरिकी रिपोर्ट में आरएसएस पर बैन की सिफारिश

### 275 पूर्व जज-अधिकारियों ने आलोचना की, बोले- रिपोर्ट से दोनों देशों के रिश्ते खराब करने की कोशिश

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की मार्च में जारी हुई रिपोर्ट में आरएसएस पर बैन लगाने की बात कही गई है। भारत के 275 पूर्व जजों, अधिकारियों और सैन्य लोगों ने इसका विरोध किया और कहा कि रिपोर्ट गलत और पक्षपाती है।

जारी बयान में इन पूर्व अधिकारियों ने कहा कि यह रिपोर्ट किसी मकसद से बनाई गई है और इसमें ठीक से सोच-समझकर बात नहीं की गई। उनका कहना है कि बिना पक्के सबूतों के भारतीय संस्थाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है।



बयान में कहा गया कि आरएसएस जैसे संगठन पर बैन लगाना, उसकी संपत्ति जब्त करना और लोगों के आने-जाने पर रोक लगाना बिल्कुल गलत और बेकार सुझाव हैं।

पूर्व अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार से कहा कि जो लोग यह रिपोर्ट बना रहे हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। उनका आरोप है कि कुछ भारत-विरोधी लोग ऐसी रिपोर्ट के जरिए दोनों देशों के बीच भरोसा खराब करना चाहते हैं।

### यूएससीआईआरएफ पर संस्थाओं को गलत तरीके से दिखाने का आरोप

पूर्व जजों और अधिकारियों ने बयान में यह भी कहा कि यूएससीआईआरएफ बार-बार भारतीय संस्थाओं को बिना पूरी जानकारी के गलत तरीके से दिखाता है, जिससे उसकी निष्पक्षता पर शक होता है। पूर्व अधिकारियों ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतंत्र है, जहां अदालतें और दूसरी संस्थाएं सही तरीके से काम करती हैं। इसलिए धार्मिक आजादी के मामलों को अनदेखा होने की संभावना बहुत कम है।

## घरेलू फ्लाइट्स का किराया 23 मार्च से बढ़ा सकेंगी एयरलाइंस

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

अब एयरलाइन कंपनियां घरेलू फ्लाइट्स का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने हवाई किराए पर लगी रोक को हटा दिया है। आदेश के मुताबिक यह फैसला 23 मार्च से लागू होगा।

पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई रुकावटों के बाद फेयर कैप लगाया लगाया गया था। सरकार ने एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18000 तय किया था। एयरलाइन इससे ज्यादा दाम नहीं ले सकती थीं।

पूरे सेक्टर में उड़ानों की क्षमता बहाल हो गई है तथा परिचालन सामान्य हो गया है। समीक्षा के बाद, यह फैसला किया गया है कि किराए पर लगाई गई सीमा को 23 मार्च, 2026 से हटा दिया जाएगा। दरअसल, पिछले साल डीजीसीए ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नाम दिया गया था। इसकी वजह से एयरलाइन कंपनी इंडिगो में स्टाफ की कमी हो गई जिससे हजारों फ्लाइंट्स कैंसिल हुईं थी।

## टॉप-10 मंदिरों के पास 9 लाख करोड़ की संपत्ति

### तिरुपति बालाजी दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल, पद्मनाभमंदिर के पास सबसे ज्यादा खजाना

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

भारत के टॉप 10 सबसे अमीर मंदिरों के पास 9 लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। ग्लोबल वेल्थ इंडेक्स-2026 के मुताबिक तिरुपति बालाजी मंदिर 3.38 लाख करोड़ की चल-अचल संपत्ति के साथ दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल है।

इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड और वर्ल्ड बैंक के डेटा के मुताबिक तिरुपति मंदिर की कुल संपत्ति साइप्रस, आइसलैंड, एस्टोनिया जैसे 100 छोटे देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। यहां सामान्य और खास दिनों में औसतन 1 से 5 करोड़ तक का चढ़ावा आता है। इस साल 17 मार्च को एक ही दिन 4.88 करोड़ का चढ़ावा आया।

इसी तरह प्राचीन खजाने के मामले में केरल का पद्मनाभस्वामी मंदिर सबसे अमीर है। इसकी संपत्ति का 99% हिस्सा प्राचीन खजाने के रूप में है, जिसमें सोने की मूर्तियां, सिक्के और हीरे शामिल हैं। इसका आज बाजार मूल्य 2 लाख करोड़ से ज्यादा है। इसे सरकार और सुप्रीम कोर्ट का संरक्षण है।

टॉप-3 धर्मस्थलों की कुल संपत्ति मार्च 2024 के बाद से अब तक काफी बढ़ी है। लेकिन इसकी बड़ी वजह सोना है। उस वक्त सोना 65 हजार प्रति 10 ग्राम के आसपास था। आज 1.50 लाख है। इस तरह तिरुपति मंदिर की संपत्ति इन दो साल में 35%, पद्मनाभस्वामी की 100% तो जगन्नाथ पुरी मंदिर की करीब 50% बढ़ चुकी है। जबकि इन मंदिरों के नकद दान में कुल 10 से 12% की ही बढ़ोतरी हुई है। तिरुपति मंदिर की आय का एक बड़ा हिस्सा उन 11 टन से अधिक सोने के भंडार पर मिलने वाले ब्याज से आता है, जो देश के विभिन्न बैंकों में जमा है।

डेटा के मुताबिक पुरी के जगन्नाथ मंदिर के पास 60 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन है। ये जमीन ओडिशा के 30 में से 24 जिलों में है। 6 राज्यों में भी मंदिर की 395 एकड़ जमीन है।



## खबर एक नजर...

### इंदौररोड तपोभूमि के पास फिर हुई 2 कारों की भिड़ंत

**उज्जैन।** इंदौर-उज्जैन मार्ग पर सिक्स लेन का काम तेजी से चल रहा है। मार्ग पर आये दिन दुर्घटना होना सामने आ रहा है। शनिवार को भी तपोभूमि के पास 2 कारों में भिड़ंत हो गई। एक कार में बैठी संतोष कुमारी घायल हुई है। वहीं कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुई कार चालक विजय पिता सत्यनारायण चौधरी निवासी लसुडिया परमार थाना क्षिप्रा जिला इंदौर की शिकायत पर पीछे से टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों कारों की भिड़ंत होने पर कुछ देर के लिये मार्ग पर यातायात भी बाधित हो गया था। जिसके चलते जाम की स्थिति बन गई थी। इंदौर रोड पर आये दिन दुर्घटना होना सामने आ रहा है। शुक्रवार शाम डंपर चालक ने 13 साल के सायकल सवार बालक अदित्य अग्रवाल को कुचल दिया था। बालक की मौके पर मौत हो गई थी।

### पेड़ से टकराई कार में भरी मिली 7 पेटी शराब



**उज्जैन।** ग्राम रूपाखेड़ी मार्ग पर तेजगति से दौड़ी वेगनार कार अनियंत्रित होने के बाद नायाखेड़ा जोड़ पर पेड़ से टकरा गई। हादसे की खबर मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची तो चालक गायब मिला। कार में देशी शराब की 7 पेटी भरी होना पाई गई। तराना थाना पुलिस को दोपहर में खबर मिली थी कि नायाखेड़ा जोड़ रूपाखेड़ी मार्ग पर वेगनार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई है। पुलिस घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। कार का चालक लापता हो चुका था। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें देशी शराब की 7 पेटी भरी होना पाई गई। एसआई रविन्द्र कटारे ने बताया कि अवैध शराब मिलने पर मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। कार नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन उक्त नम्बर फर्जी होना सामने आया। आशंका है कि अवैध शराब परिवहन के लिये कार पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। जल्द ही चालक का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जायेगी।

### कुत्ते काटने का आरोप, युवक को भेजा जेल

**उज्जैन।** प्रशांतिधाम के सामने मैदान में शनिवार को हंगामा हो गया। डेरे में रहने वाले युवक पर कुत्ते काटने का आरोप लगाया गया। पुलिस हंगामे की खबर पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया। जिसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि प्रशांतिधाम के सामने खुले मैदान में पारदी लोगों ने डेरा जमा रखा है। कुछ दिनों से यहां स्ट्रीट डॉग (कुत्तों) की संख्या में कमी आ रही थी। आसपास के लोगों को शंका हुई, तो पता चला की डेरे में रहने वाला युवक कुत्ते पकड़कर ले जा रहा है। जिस पर नजर रखी गई, शनिवार को जैसे ही युवक ने कुत्ते का पकड़ा और अपने डेरे में ले जाने लगा तो लोगों ने उसे घेर लिया। कहा जा रहा था कि युवक द्वारा कुत्ते काटकर उसका मांस खाया जा रहा था। उसके डेरे से मांस भी मिला, इसी बात पर हंगामा हो गया, युवक की लोगों ने पिटाई कर दी। मामले की जानकारी मिलने पर नागझिरी थाना पुलिस की डायल 112 पहुंची और युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ करने पर उसका नाम मुकेश पिता राजकुमार पारदी निवासी ग्राम लखाहेड़ा हाल मुकाम प्रशांतिधाम के सामने डेरा सामने आया। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि हंगामा करने की खबर मिलने पर युवक को हिरासत में लिया गया, जिसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

# गलित हो अंग गिरा, वहीं गढ़कालिका









ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकवि कालीदास की आराध्य देवी गढ़कालिका का पुरातन मंदिर अपनेआप मे रहस्यमयी और सिद्ध क्षेत्र है। ये प्राचीन मंदिर भैरवगढ़ को जानेवाले मार्ग पर स्थित है। गढ़कालिका मंदिर मे देवी कालिका के रूप मे हैं। देवी का विग्रह आभा मण्डल से परिपूर्ण बड़ा ही मनोहारी है। मंदिर में देवी का श्रृंगार जन आकर्षण का केन्द्र होता है। देवी को सुन्दर आभूषण पहनाए जाते हैं और श्रृंगार की समस्त वस्तुएं अर्पित की जाती है। मंदिर की पुजारी करिश्मानाथजी ने बताया कि गढ़कालिका मंदिर अति प्राचीन सिद्ध स्थान है। यहां मां से की गई मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। कामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु दूर दूर से यहां आकर दर्शन करते हैं और देवी को श्रृंगार सामग्री अर्पित करते हैं। नवरात्रि में देवी दर्शन का विशेष महत्व है। घर के रोग, शोक व बाधा से मुक्ति के लिए लोग यहां देवी को नींबू की माला भी अर्पित करते हैं। परिसर में स्थित दीप स्तंभ प्रतिदिन आलोकित होकर मंदिर की शोभा मे चार चांद लगाते हैं।

**बजरंगबली से डरकर भागी –** लिंगपुराण की एक कथानुसार मर्यादा पुरुषोत्तम राम जब रावण वध के बाद लंका से अयोध्या वापस लौट रहे थे तो वे रूद्रसागर के समीप विश्राम कर रहे थे। कालिका देवी उसी रात्रि भक्ष्य की खोज में निकलीं और हनुमानजी को पकड़ने की कोशिश करने लगीं पर इसी समय वीर हनुमान ने अपना विकराल रूप ले लिया और देवी भयभीत हो भागने लगीं। भागते समय देवी का एक अंग गलित होकर गढ़कालिका क्षेत्र में गिर गया उसी स्थान पर देवी का प्राचीन मंदिर है। पहले मंदिर में पशु बलि का विधान रहा बाद में बलि देने की प्रथा बंद हो गई। वर्तमान समय मे नारियल व सफेद कुम्हडे की बलि का धार्मिक विधान है। मंदिर की प्रसिद्धि के चलते नवरात्रि के नौ दिनों में गढ़कालिका देवी के दर्शन करने दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं। मंदिर के समीप ही स्थिरमन गणेश मंदिर और भतृहरि गुफा भी है।

**उज्जैन में पहली अंतरराष्ट्रीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता**

## 5 से 90 साल तक के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, आज होगा आखिरी राउंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में पहली बार आयोजित इंटरनेशनल फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को पांच राउंड खेले गए। दो दिवसीय फर्स्ट रायसोनी मेमोरियल टूर्नामेंट में 5 वर्ष से 90 साल तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ), भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और एमपी चैस एडहॉक कमेटी के तत्वावधान में उज्जयिनी शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही है।

रविवार को सुबह 10 बजे से छठा राउंड शुरू हुआ। अंतिम राउंड दोपहर 3:30 बजे खेला जाएगा और शाम 5 बजे समापन व पुरस्कार वितरण होगा। विजेताओं के लिए कुल 2 लाख रुपए की पुरस्कार राशि, 80 ट्रॉफी और मेडल निर्धारित किए गए हैं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इस अवसर पर स्वामी परमानंद महाराज, इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खंपरिया, ग्रैंड मास्टर हिमांशु शर्मा, फिडे मास्टर प्रसन्नजीत दत्त, ओरियंटल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. सुनील सोमानी, अनिल फतेचंदानी और संदीप कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे।

**महिला आर्बिटर टीम ने संभाला संचालन-** प्रतियोगिता की आर्बिटर टीम पूरी तरह महिलाओं की है। चीफ आर्बिटर आईए कंचना चौधरी, डिप्टी आर्बिटर आईए नागालक्ष्मी नागापुरम, एफए शिखा पलटा और एसएनए हिमानी बजाज ने संचालन किया।

**कई राज्यों और शहरों के खिलाड़ी शामिल-** हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और महाराष्ट्र सहित मध्यप्रदेश के 24 शहरों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

**चौथे राउंड तक तीन खिलाड़ी संयुक्त बढ़त पर-** पहले दिन चौथे राउंड तक रोहतक के ग्रैंड मास्टर हिमांशु शर्मा, खंडवा के वैभव तोमर और कटनी के प्रखर बजाज चार अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर रहे।

## तरणताल पर उमड़ी भीड़, व्यवस्था पहले ही दिन फेल, पुलिस लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवास रोड स्थित तरणताल स्वीमिंग पूल में 7 दिन की निःशुल्क तैराकी सुविधा के चलते लोगों की भीड़ ने निगम के प्रबंधन को पहले दिन ही फेल कर दिया। शनिवार शाम व्यवस्था बड़ी चुनौती बन गई। शाम 5 बजे पूल खुलते ही इतनी भीड़ उमड़ी कि निगम के कर्मचारी भी हालात नहीं संभाल पाए।

स्थिति बिगड़ती देख निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाना पड़ा। करीब 3 पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए पहले स्वीमिंग पूल के प्रवेश मार्ग का शटर बंद करवाया, फिर लाइन लगवाकर लोगों को नियंत्रित किया। लाउड स्पीकर से लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों से धैर्य रखने की अपील की गई।

**शिफ्ट व्यवस्था :** फैमिली के लिए भीजारी शैड्यूल सुबह 6 से 10 बजे तक का शैड्यूल इस प्रकार है। इसमें सुबह 6 से 7.30 बजे तक पुरुष, फिर 7.30 से 8.15 बजे तक महिला, 8.15 से 9 बजे पुरुष और इसके बाद 9 से 9.45 महिला वर्ग तैराकी कर सकेंगी। इसी तरह शाम को शाम 5 से 8 बजे तक में 5 से 5.45 तक पुरुष, 5.45 से 6.30 तक महिला, 6.30 से 7.15 तक फैमिली तथा 7.15 से 8 बजे पुरुष के लिए शैड्यूल तय किया है।

भीड़ के बावजूद लोग अपनी बारी के इंतजार में डटे रहे और कुछ समय बाद तो तरणताल के मुख्य मार्ग पर ताला लगा दिया, ताकि और अधिक लोग इकट्ठा न हो और कई लोग इसके चलते बाहर से लौट गए।

**शनिवार को दिन-रात की अवधि रही 12-12 घंटे**

## वसंत सम्पात: अब दिन होंगे बड़े, रात होने लगेगी छोटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शनिवार खगोलीय घटना का दिन रहा। दिन-रात की अवधि 12-12 घंटे की रही। सूर्य विषुवत रेखा पर लम्बवत रहा। इसे वसंत सम्पात कहा जाता है। अब दिन बड़े होने लगेंगे और रात छोटी गुजरेगी। खगोलीय घटना का नजारा देखने के लिये सैकड़ों की संख्या में लोग दिनभर जीवाजीराव वेधशाला पहुंचते रहे।

शासकीय जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक राजेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिक्रमण के कारण सूर्य हमको कर्क रेखा से मकर रेखा के बीच गति करता हुआ दृष्टिचर होता है। शनिवार 21 मार्च को सूर्य विषुवत रेखा पर लम्बवत रहा। इसे वसंत सम्पात कहते है। सूर्य को विषुवत रेखा पर लम्बवत होने के कारण दिन और रात बराबर-बराबर 12-12 घंटे के गुजरे। 21 मार्च के बाद सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध एवं मेष राशि में प्रवेश करेगा। शनिवार को सूर्य की क्रांति 0 अंश 15 कला उत्तर रही तथा मेष राशि में सूर्य 0 अंश 39 कला 5 विकला पर रहा। सूर्य के उत्तरी गोलार्द्ध में प्रवेश के कारण अब उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे बड़े होने लगेंगे तथा रात छोटी होने लगेगी। यह क्रम 21 जून तक जारी रहेगा। 21 जून को भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में दिन सबसे बड़े तथा रात सबसे छोटी होगीं। 21 मार्च से सूर्य के उत्तरी गोलार्द्ध में प्रवेश के कारण सूर्य की किरणों की तीव्रता उत्तरी गोलार्द्ध में बढ़ने लगेगी। जिससे ग्रीष्म ऋतु का प्रारम्भ होता है।



### शंकु यंत्र से देखा खगोलीय घटना का नजारा

जीवाजीराव वेधशाला पर दिन-रात की बराबर अवधि को शंकु यंत्र और नाड़ीवलय यंत्र के माध्यम से पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता द्वारा प्रत्यक्षरूप समझाया। खागोलीय घटना में रूची रखने वाले ने शंकु की छाया को पूरे दिन सीधी रेखा (विषुवत रेखा) पर गमन करते हुए देखा। पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता ने बताया कि 21 मार्च के पूर्व नाड़ीवलय यंत्र के दक्षिणी गोल भाग (24 सितम्बर से 20 मार्च तक) पर धूप थी। रविवार से नाड़ीवलय यंत्र के उत्तरी तथा दक्षिणी किसी गोल भाग पर धूप नहीं होगी। अगले छह माह (22 सितम्बर तक) नाड़ीवलय यंत्र के उत्तरी गोल पर धूप रहेगी। इस प्रकार सूर्य के गोलार्द्ध परिवर्तन को हम नाड़ीवलय यंत्र के माध्यम से देख सकते है।

### तापमान में आई 1 डिग्री की तेजी

खगोलीय घटना के साथ शनिवार को अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की तेजी दर्ज की गई। दिन का तापमान 31.5 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले मौसम में आये बदलाव के चलते दिन-रात का तापमान कम दर्ज हो रहा था। लेकिन अब ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत होने पर तापमान में तेजी आने लगेगी। रात का तापमान भी बढ़ेगा। शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को हवा की गति भी 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की कम चली।

उज्जैन
रविवार
22
मार्च, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

अबन्धुर्बन्धुतामेति नैकट्याभ्यासयोगतः।
यात्यनभ्यासतो दूरात्स्नेहो बन्धुषु तानवम्॥

**अर्थः** अजनबी भी बार-बार दोस्त बन जाते हैं। दूरियों के कारण न मिल पाना भी भाइयों के बीच प्रेम को कम करता है।

## खबर एक नजर...

### तेज रफ्तार कार ने कई वाहनों को मारी टक्कर

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की स्कीम नंबर 71 में शनिवार शाम भारत सरकार लिखी एक कार (एमपी 13 जेडएस 9158) ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। इससे वे बुरी क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत है कि किसी राहगीर को टक्कर नहीं लगी। पीड़ितों का आरोप है कि टक्कर मारने वाली कार में कुछ युवक बैठे थे। कार चालक नाबालिग लग रहा था। पुलिस लोगों द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### सिंगर औजला के शो से पहले निगम की कार्रवाई, 27 लाख टैक्स वसूला

**इंदौर।** शनिवार रात गायक करण औजला के लाइव कंसर्ट से ठीक पहले नगर निगम और आयोजकों के बीच मनोरंजन कर को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। निगम की टीम कार्यक्रम स्थल पर पहुंची और निर्धारित समय पर टैक्स नहीं जमा होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। पहले आयोजकों ने 7.70 लाख रुपए जमा किए थे, जबकि कुछ घंटे बाद 20 लाख रुपए और जमा करा दिए। इस तरह कुल 27 लाख रुपए निगम खाते में पहुंचे। अपर आयुक्त आकाश सिंह ने कहा कि टिकट बिक्री का 10% टैक्स जमा करना नियम है। पहले 7.70 लाख मिले थे। समझाइश और सख्ती के बाद 20 लाख और जमा कराए गए। 8 मार्च 2025: यो यो हनी सिंह शो में निगम ने 50 लाख की मांग की, आयोजकों ने 7.75 लाख जमा किए; साउंड सिस्टम जब्त हुआ। 8 दिसंबर 2024: दिलजीत दोसांझ शो में 25 हजार की भीड़, टिकट महंगे थे। उनसे नगर निगम ने 80 लाख रुपए का टैक्स वसूला।

### बसों के परमिट की अनुशंसा को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं, 80 करोड़ घाटे के साथ होगा विलय

**इंदौर।** एक शहर से दूसरे शहर में चलने वाली निजी बसों के परमिट जारी करने का जिम्मा अभी आरटीओ के पास है, लेकिन अब परमिट जारी करने की अनुशंसा का जिम्मा अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (एआईसीटीएसएल) को मिल सकता है। बताया जा रहा है कि परमिट जारी करने का अधिकार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के पास ही रहेगा, लेकिन एआईसीटीएसएल की कमेटी की उसमें महत्वपूर्ण व्यवस्था होगी। सिटी बस सेवा संचालित कर रही एआईसीटीएसएल का मध्यप्रदेश यात्री परिवहन और इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमपीपीटीआईएल) में विलय भी तय है। कंपनी फिलहाल करीब 80 करोड़ रुपए के घाटे में है और इसी वित्तीय स्थिति के साथ इसे परिवहन विभाग को सौंपा जाएगा। निगम से इसे अलग किया जा रहा है। इसके लिए बैठक भी हो चुकी है। एमपीपीटीआईएल के साथ सब्सिडियरी कंपनी के रूप में अब यह काम करेगी। इसका प्रस्ताव भोपाल पहुंच चुका है। दूसरे दौर की बैठक होना है।

### बायपास पर सड़क किनारे अंधेरे में खड़े ट्रक व ट्रॉले बन रहे हादसे और मौत का कारण

**इंदौर।** बायपास पर सड़क किनारे खड़े रहने वाले भार वाहन मौत का कारण बन रहे हैं। वाहन खराब होने पर ड्राइवर उसे सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। अंधेरे में वाहन दिखाई नहीं देते और स्पीड में चल रहे अन्य वाहन सड़क किनारे खड़े वाहनों में पीछे से टकरा जाते हैं। कुछ महीनों में इस तरह के भीषण हादसे सामने आए हैं। राऊ से लेकर शिप्रा तक 30 किमी के बायपास पर एक भी ले बाय यानी अतिरिक्त छोटी सड़क नहीं है। इस स्थिति ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की निगरानी प्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया है। राजमार्ग से खराब वाहनों को हटाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उन्हीं की है।

---

**सरकारी पीसी सेठी सहित 12 बड़े अस्पतालों में फायर सेफ्टी के बेसिक इंतजाम तक नहीं**

# इंदौर में सैकड़ों मरीजों की जान खतरे में

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के 12 बड़े अस्पतालों में भर्ती मरीजों की जान खतरे में है, क्योंकि इनके पास आग बुझाने के बेसिक इंतजाम तक नहीं हैं। इनमें सरकारी पीसी सेठी अस्पताल भी शामिल है। इसका खुलासा एक आरटीआई से हुआ है।

बता दें कि हाल ही में इंदौर में एक भीषण अग्निकांड में 8 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो चुकी है। इसके बाद भी शहर के जिम्मेदार नहीं जाग रहे।

दरअसल, चर्चित शास्त्री नाम के एक एडवोकेट ने 100 बेड से ज्यादा क्षमता वाले अस्पतालों की फायर एनओसी की जानकारी मांगी थी। इसके जवाब में पता चला है कि कुछ अस्पतालों ने तो फायर सेफ्टी सिस्टम ही पूरा नहीं किया, जबकि कुछ ने सालों से एनओसी का नवीनीकरण नहीं कराया।




**महापौर बोले- स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी-** आरटीआई में हुए खुलासे को लेकर मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने इस पूरे मामले की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और सीएमएचओ पर डाल दी। उनका कहना है कि अस्पतालों की निगरानी और कार्रवाई की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की है। वहीं सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी का कहना है कि पीसी सेठी अस्पताल को तब तक फायर एनओसी नहीं मिलेगी, जब तक वहां का अतिक्रमण नहीं हटाया जाता। सरकार अभी तक अतिक्रमण हटाने का मामला सुलझा नहीं पाई है। अतिक्रमण के कारण पीसी सेठी में वर्ष 2018 से फायर एनओसी की समस्या बनी हुई है। विभागीय स्तर पर इस संबंध में सभी जगह पत्राचार किया जा चुका है। वहीं अन्य 11 अस्पतालों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर-उटल्ड को भी दे चुका जानकारी

आरटीआई लगाने वाले एडवोकेट चर्चित शास्त्री का कहना है कि जिन अस्पतालों में सैकड़ों मरीज भर्ती रहते हैं, वहां फायर सेफ्टी के बेसिक इंतजाम तक नहीं हैं, यानी अगर आग लगती है तो मरीजों के पास बचने का कोई रास्ता नहीं होगा। चर्चित ने कहा- उन्होंने इस पूरे मामले में कलेक्टर और सीएमएचओ से शिकायत की है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

### अस्पताल और कमर्शियल बिल्डिंग असुरक्षित

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बताया कि इंदौर कलेक्टर ने अगस्त 2024 में कमर्शियल बिल्डिंग संचालकों को एक महीने के भीतर फायर सेफ्टी के सभी इंतजाम पूरे करने के निर्देश दिए थे। चेतावनी दी थी कि नियमों का पालन नहीं करने पर बिल्डिंग्स को सील किया जाएगा। इसके बावजूद आज तक न तो पूरी तरह जांच हुई, न ही नियमों का पालन कराया गया। हाल ही में सामने आई आरटीआई जानकारी ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह ने दिए थे निर्देश

दो साल पहले इंदौर में पदस्थ तत्कालीन कलेक्टर आशीष सिंह ने सीएमएचओ और डीन, एमजीएम मेडिकल कॉलेज को प्राइवेट नर्सिंग होम और अस्पतालों में सुरक्षा की निगरानी के निर्देश दिए थे। निर्देश के मुताबिक, नर्सिंग होम और अस्पतालों के पास नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से जारी फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र और बिजली सुरक्षा प्रमाण पत्र होना जरूरी है। सभी नर्सिंग होम, अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों को ऑडिट रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया था। उस समय सभी नर्सिंग होम और अस्पतालों को हर हाल में यह व्यवस्था पूरी करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन सिंह के इंदौर से जाते ही पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

---

# हिंदू संगठनों ने युवक की पिटाई कर पुलिस को सौंपा


## युवती के साथ मिला था, मोबाइल में आपत्तिजनक फोटो-वीडियो मिलने का आरोप

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के आजाद नगर में हिंदू संगठनों ने शनिवार रात हंगामा कर दिया। यहां एक युवती के साथ शिप्रा के एक युवक को पकड़ा गया। संगठन के लोगों ने युवक की जमकर पिटाई की, बाद में उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

आजाद नगर पुलिस ने धन्ना सेठ उर्फ रूहाब शाह, निवासी शिप्रा, पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक इलाके में हिंदूवादी संगठन और कुछ वकीलों ने युवती के साथ इलाके में धन्ना को पकड़ा था।

रहवासियों ने यहां काफी देर तक हंगामा किया। बाद में हिंदूवादियों ने धन्ना को पुलिस के हवाले कर दिया। उनका आरोप था कि धन्ना के मोबाइल में आपत्तिजनक सामग्री मिली है और वह हिंदू युवतियों को अपना शिकार बनाता है। यहां लोगों ने युवती के साथ भी मारपीट की।



**युवती ने शिकायत से किया इनकार** थाने में युवती को भी पूछताछ के लिए लाया गया। पुलिस अधिकारियों ने उससे एफआईआर को लेकर बात की, लेकिन उसने शिकायत करने से इनकार कर दिया। उसने बताया कि वह धन्ना को कई सालों से जानती है। रात में हंगामे को देखते हुए पुलिस ने धन्ना को थाने में ही रखा। वहीं शिप्रा पुलिस से भी उसकी जानकारी मंगाई जा रही है।

**थाने के घेराव की चेतावनी** इस मामले में हिंदूवादी युवकों और वकीलों ने आजाद नगर थाने का घेराव करने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि धन्ना लंबे समय से इलाके में आता-जाता रहा है और उसके साथ कुछ अन्य युवक भी रहते हैं। उस पर पहले से शादीशुदा होने का आरोप भी लगाया गया है। हालांकि युवती द्वारा शिकायत नहीं करने के चलते पुलिस ने केवल प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

---

# एक टक्कर ने छीन ली इंदौर के वैभव की पहचान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में ट्रक की जोरदार टक्कर से एक छात्र गंभीर घायल हो गया। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई जिससे उसने अपना मानसिक संतुलन खो दिया। इसके साथ ही शरीर के अन्य अंगों को काफी नुकसान हुआ। जिसके बाद से ही वह आठ साल से बिस्तर पर ही है।

उसकी स्थिति यह है कि मानसिक संतुलन खो देने से किसी को भी पहचान नहीं पाता। उसकी दिनचर्या बिस्तर पर होने के साथ परिवार पर निर्भर हो गई है। कोर्ट ने टक्कर मारने वाले ट्रक की बीमा कंपनी को आदेश दिया है कि वह छात्र को 59 लाख रुपए अदा करें। यह राशि ब्याज सहित करीब 85 लाख रुपए है जो कंपनी को देना होगी। खास बात यह कि छात्र अच्छा बांसुरी वादक भी था जिसके सपने भी दुर्घटना में चूर-चूर हो गए। घटना 8 जुलाई 2018 की है। वैभव त्रिवेदी (18) निवासी पंचवटी नगर इंदौर बाइक से देपालपुर से इंदौर जा रहा था।

---

**इंदौर अग्निकांड में कांग्रेस की जांच की मांगः बिजली कंपनी-फायर ब्रिगेड की कार्यप्रणाली पर सवाल**

# अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हो

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में हुए भीषड़ अग्निकांड को लेकर अब कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने इस पूरे मामले में अब बिजली कंपनी के अधिकारियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कलेक्टर से हाईकमेटी गठित कर जांच की मांग की है। दरअसल, बिजली कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि घर में आग लगने की शुरूआत ईवी कार के चार्जिंग में शॉर्ट सर्किट से हुई है।

वहीं परिवार का दावा है कि उन्होंने उस रात कार को चार्जिंग पर ही नहीं लगाया था। ऐसे में कांग्रेस का कहना है कि बिजली कंपनी अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए ईवी कार पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

मप्र कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने के पीछे बिजली व्यवस्था की खामियां एक बड़ा कारण बनकर सामने आ रही हैं। क्षेत्र में बिजली के खंभों पर बेतरतीब तरीके से फैले इलेक्ट्रिक केबल के जाल, लगातार वोल्टेज फ्लक्चुएशन और अत्यधिक वोल्टेज के कारण शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है।



यह स्थिति सीधे-सीधे बिजली विभाग की लापरवाही को दर्शाती है। हमने प्रदेश सरकार और इंदौर कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

वहीं कलेक्टर को तत्काल ही इस मामले में कार्रवाई करते हुए बिजली कंपनियों के अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करना चाहिए।

**कांग्रेस ने फायर ब्रिगेड पर भी उठाए सवाल** कांग्रेस ने बिजली कंपनी के साथ ही फायर ब्रिगेड की कार्रवाई पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि घटना के दौरान फायर ब्रिगेड का समय पर न पहुंचना और मौके पर पहुंचने के बाद गाड़ी का खराब हो जाना अत्यंत चिंताजनक है। ऐसे संवेदनशील मामलों में इस तरह की लापरवाही न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि आम जनता की जान के साथ खिलवाड़ है।

इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय रहवासियों में बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू होता तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था।

**यह है बिजली कंपनी का दावा** इंदौर में हुए ईवी हादसे को लेकर बिजली कंपनी ने दावा किया है कि आग की शुरूआत घर में लगे ईवी चार्जिंग पॉइंट से हुई थी। कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि जांच में सामने आया है कि ओवरचार्जिंग के कारण इलेक्ट्रिक कार की बैटरी बम की तरह फट गई। घटना के समय कार चार्जिंग पर लगी हुई थी, जिसकी पुष्टि स्मार्ट मीटर के डिजिटल डेटा से हुई है।

कंपनी ने पिछले तीन महीनों का मिनट-टू-मिनट डेटा निकालकर यह रिपोर्ट तैयार की है। कंपनी का दावा है कि अधिकारियों के मुताबिक, कार रोज रात 11 बजे से सुबह 3 बजे तक चार्जिंग पर रहती थी। हादसे वाली रात भी यही क्रम रहा। बताया गया कि तड़के चार्जिंग के दौरान कार में पावर ऑटो कट-ऑफ हुआ, लेकिन करीब आधे घंटे बाद फिर से चार्जिंग शुरू हो गई। इसके बाद जोरदार ब्लास्ट हो गया।

## खबर एक नजर...

### रानी अवंतीबाई का बलिदान दिवस मनाया

**उज्जैन।** लोधी समाज ने शहीद पार्क में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का 168वां बलिदान दिवस मनाया। कार्यक्रम में उनकी चित्र पट्टिका पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। मीडिया प्रभारी जगदीश लोधी के अनुसार समाज अध्यक्ष अभय नरवरिया ने कहा कि रानी अवंतीबाई का त्याग और पराक्रम आज भी प्रेरणा देता है। उन्होंने अन्याय के खिलाफ निर्भीक होकर खड़े रहने और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने की बात कही। समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक दशपुर महाराज और पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण लोधी भी मौजूद थे।

### चौड़ीकरण में समाधान के लिए आज अफसर आएंगे

उज्जैन। सांदीपनी चौराहे से उदयन मार्ग तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य में सेंट्रल मार्किंग को लेकर स्थानीय निवासियों और निगम अधिकारियों के बीच विवाद जारी है। फिलहाल मामले में कोई समाधान नहीं हो पाया है। रहवासियों ने बताया कि अधिकारी से फोन पर बात की गई है, वे रविवार को क्षेत्र में आएंगे। अधिकारियों ने कहा है कि वे सेंट्रल मार्किंग को लेकर बनी उलझन को सही करेंगे और समस्याओं को सुनेंगे। रहवासियों का कहना है अफसरों को सक्रियता पहले दिखाना चाहिए थी, रोजाना फोन लगाने पर कोई गंभीरता नहीं दिख रहा। स्थानीय लोगों ने चार दिन पहले आरोप लगाए थे कि नाले की मूल लाइन से छेड़छाड़ कर उसे लगभग 5 फीट पीछे किया जा रहा है, जिससे उनके मकानों और दुकानों की अतिरिक्त जमीन प्रभावित हो रही है। चौड़ीकरण के लिए हुई सेंट्रल मार्किंग के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय फिडे रैपिड शतरंज स्पर्धा शुरू, 300 खिलाड़ी शामिल

**उज्जैन।** उज्जयिनी जिला शतरंज संघ की ओर से आयोजित फर्स्ट रायसोनी मेमोरियल इंटरनेशनल फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को एमपी चैस एडहॉक कमेटी के कन्वीनर अक्षत खंपारिया ने किया। प्रतियोगिता इंदौर रोड स्थित कान्हा परिसर में आया ेजित है। इसमें 5 से 90 वर्ष तक के करीब 300 खिलाड़ी सहभागी हैं।

**चम्मच में माया का ह्ययोगद्ध, चेयर रेस में पूजा रही अव्वल**

# चित्रकला, रांगोली में नंदनी ने दिखाया कमाल, प्रियंका, हरित, गुंजन, श्रुति, श्रीनीति रही श्रेष्ठ





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री चिड़ार समाज के नववर्ष मिलन समारोह में महिलाओं एवं बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चेयर रेस, चम्मच रेस के साथ ही चित्रकला, रांगोली प्रतियोगिता में भी समाज के बच्चों ने अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता में विजेता रहे सभी प्रतिभागियों को समाज संरक्षक रहे स्व. श्री हरिनारायण हनुमन्तैयाजी की स्मृति में पुरस्कार प्रदान किये गए

संयोजक कमलेश धंधेरे एवं सचिन मगरे ने बताया कि महिलाओं की संख्या अधिक होने के कारण चम्मच रेस दो हिस्सों में आयोजित की गई जिसमें पहली प्रतियोगिता में प्रथम प्रीति आठिया, द्वितीय मंगला आठिया तथा तृतीय स्थान पर सुनीता मगरिया रही। वहीं दूसरी प्रतियोगिता में प्रथम माया गोईया, द्वितीय दीपिका चंदेल तथा तृतीय स्नेहा चंदेल रही। फाईनल चम्मच रेस में प्रथम माया गोईया, द्वितीय मंगला आठिया तथा तीसरे स्थान पर सुनीता मगरिया रहीं। महिलाओं की चेयर रेस में प्रथम पूजा गेहलोत, द्वितीय मधु बरहा, तृतीय शकुंतला हनुमन्तैया रहीं। बालिकाओं की चेयर रेस में प्रथम प्रिंयका चिड़ार, द्वितीय सोनाक्षी आठिया तथा तृतीय स्थान पर पूनम चड़ार रही। बच्चों की चम्मच रेस तीन हिस्सों में हुई जिसमें प्रथम गुंजन आठिया, श्रुति गेहलोत, हरित आठिया, द्वितीय कुश गोईया, प्रीति हनुमन्तैया, प्रियांश आठिया, तृतीय जान्हवी आठिया, सोनाक्षी आठिया और रौनक चिड़ार रहे। बच्चों की चेयर रेस में प्रथम श्रीनीति हनुमन्तैया, द्वितीय आराध्या आठिया तथा तृतीय हरित आठिया रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम नंदनी मगरिया, द्वितीय आराध्या आठिया तथा तृतीय सोनाक्षी आठिया रहीं। रांगोली प्रतियोगिता में प्रथम नंदनी मगरिया, द्वितीय दीपिका तथा तृतीय स्थान पर प्रीति हनुमन्तैया रहीं। रांगोली, चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रभुसिंह चित्तौड़िया, समाज के वरिष्ठ हरिशचंद्र आठिया, दिलीप गेहलोत रहे। वहीं अन्य प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका सुनीता आठिया ने निभाई। संचालन संदीप हनुमन्तैया ने किया।

## पंचक्रोशी मार्ग पर बिजली लाइन पर गिरा पेड़, पोल तिरछा, रुकवाना पड़ा ट्रैफिक




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

लालपुर से आकर देवास रोड पर मिलने वाले पंचक्रोशी मार्ग पर शनिवार दोपहर करीब 1 बजे अचानक बड़ा हादसा होते होते टल गया। यहां पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़ा पेड़ हवा के झौंके में अचानक बीच तने से टूट गया। जो नीचे से निकली बिजली लाइन के तार पर गिरा। पेड़ के वजन से बिजली पोल भी तिरछा हो गया।

सूचना पर नागझिरी पुलिस मौके पर पहुंची और लालपुर रोड का ट्रैफिक रुकवाया। गनीमत रही कि उक्त लाइन बंद थी। पुलिस ने तार अलग कर पेड़ के टूटे हिस्से को हटाते हुए 15-20 मिनट बाद ट्रैफिक शुरू करवाया। तब तक देवास रोड से लालपुर रेलवे ब्रिज तक वाहनों की कतार लग गई।

## तरणताल पर उमड़ी भीड़, व्यवस्था पहले ही दिन फेल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



देवास रोड स्थित तरणताल स्वीमिंग पूल में 7 दिन की निःशुल्क तैराकी सुविधा के चलते लोगों की भीड़ ने निगम के प्रबंधन को पहले दिन ही फेल कर दिया। शनिवार शाम व्यवस्था बड़ी चुनौती बन गई। शाम 5 बजे पूल खुलते ही इतनी भीड़ उमड़ी कि निगम के कर्मचारी भी हालात नहीं संभाल पाए।

स्थिति बिगड़ती देख निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाना पड़ा। करीब 3 पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए पहले स्वीमिंग पूल के प्रवेश मार्ग का शटर बंद करवाया, फिर लाइन लगवाकर लोगों को नियंत्रित किया। लाउड स्पीकर से लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों से धैर्य रखने की अपील की गई।

भीड़ के बावजूद लोग अपनी बारी के इंतजार में डटे रहे और कुछ समय बाद तो तरणताल के मुख्य मार्ग पर ताला लगा दिया, ताकि और अधिक लोग इकट्ठा न हो और कई लोग इसके चलते बाहर से लौट गए। इस बीच छोटे-छोटे बच्चे अपनी बारी के इंतजार में 45 मिनट तक खड़े रहे और तब भी बारी नहीं आने पर कुछ को बिना स्वीमिंग किए लौटना पड़ा। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्पष्ट किया कि पूल में एक समय में 60 लोगों की सीमा तय है। संख्या पूरी होने पर प्रवेश नहीं दिया जा सकता।


**शिफ्ट व्यवस्था :** शैड्यूल सुबह 6 से 10 बजे तक का शैड्यूल इस प्रकार है। इसमें सुबह 6 से 7.30 बजे तक पुरुष, फिर 7.30 से 8.15 बजे तक महिला, 8.15 से 9 बजे पुरुष और इसके बाद 9 से 9.45 महिला वर्ग तैराकी कर सकेंगी। इसी तरह शाम को शाम 5 से 8 बजे तक में 5 से 5.45 तक पुरुष, 5.45 से 6.30 तक महिला, 6.30 से 7.15 तक फैमिली तथा 7.15 से 8 बजे पुरुष के लिए शैड्यूल तय किया है।

# उज्जैन का 138 वर्ष पुराना कोठी पैलेस बनेगा संग्रहालय, इंटरएक्टिव लर्निंग जोन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन शहर के करीब 138 वर्ष पुराने कोठी पैलेस की भव्यता अब वीर भारत संग्रहालय का आकार लेगी। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 20 करोड़ रुपए खर्च कर कोठी पैलेस की प्राचीन इमारत का कायाकल्प कर प्राचीन हैरिटेज भवन को संरक्षित रखते हुए यहां देश का एक मात्र ऐसा संग्रहालय बनाया जा रहा है जिसमें राजा विक्रमादित्य से लेकर स्वाधीनता संग्राम तक के नायकों का वर्णन मिलेगा।

करीब पौने दो एकड़ में बनी सिंधिया रियासत के वर्षों पुराने कोठी पैलेस को वीर भारत संग्रहालय में बदला जा रहा है। कोठी पैलेस के भव्य





भवन में सौ से अधिक कमरे बड़े हाल, खुली जगह है जहां पर अब तक कलेक्टर कार्यालय लगता था। नए कलेक्टर भवन बनने के बाद से ये प्राचीन इमारत खाली पड़ी थी। इससे पहले महाकाल मंदिर के पास महाराजबाड़ा स्कूल की पुरानी इमारत को हेरिटेज होटल में बदला गया है। कोठी पैलेस के कायाकल्प का काम शुरू हो चुका है। अब एक साल में संग्रहालय बनकर तैयार हो जाएगा। दावा किया जा रहा है कि ये संग्रहालय देश का एक मात्र संग्रहालय होगा जहा पर लोग महान वीर, तेजस्वी नायक, ऋषि, संत मनीषियों, धर्म गुरुओं के साथ ही स्वाधीनता संग्राम के नायकों के बारे में एक साथ जान सकेंगे।

वीर भारत न्यास के अधीन बनने वाले संग्रहालय में हिंदुस्तान को बनाने वाले महान वीर, तेजस्वी नायक, ऋषि, संत मनीषियों, धर्म गुरुओं के साथ ही स्वाधीनता संग्राम के नायकों के चित्र, मूर्ति शिल्प के साथ उनके योगदान का वर्णन भी मिलेगा। वैदिक काल, रामायण काल, महाभारत काल, सम्राट विक्रमादित्य काल से लेकर स्वाधीनता संग्राम में भागीदारी करने वाले महापुरुष चंद्रशेखर आजाद, भगतसिंह, रानी अवंति बाई, दुर्गा बाई, महात्मा गांधी, गुरु गोविंद सिंह, गुरु तेगबहादुर सिंह, महाकवि कालिदास, वराहमिहिर, तानसेन बेजुबावरा, शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेकों अनेक महान पुरुषों का वर्णन मिलेगा। यहां वीर भारत न्यास के माध्यम से पूर्व वैदिक, वैदिक, उत्तर वैदिक काल, रामायण कालिन, महाभारत कालिन युग से विक्रमादित्य काल और स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी करने वाले वीर नायकों के चित्र, मूर्ति शिल्प और जानकारी देश-विदेश से आने वाले लोगों को मिलेगी।

## खबर एक नजर...

### घट्टिया : 30 बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री और मिठाई

**घट्टिया.** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था शाखा घट्टिया-घौसला ने हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल घौसला में 30 विद्यार्थियों को स्कूली बच्चों को पढ़ाई सामग्री और मिठाई बांटी। संस्था प्रभारी दीपाली उपाध्याय ने बताया संस्था 5 साल की जिम्मेदारी लेती है। बालिका की शिक्षा, स्वास्थ्य, त्योहार, रोजगार, शादी तक मदद करती है। घट्टिया-घौसला शाखा ने अभी तीन तीन बालिकाओं हर्षिता, अंजलि और मुस्कान की जिम्मेदारी ली है। कार्यक्रम में संस्था की सप्रभारी सुनीता जैन, मीडिया प्रभारी पूनम वर्मा, मीना बगाड़ा मौजूद आदि मौजूद थीं।

### झूलेलाल के जन्मोत्सव पर बहराना भजन संध्या

**उज्जैन।** सिंधी समाज के इष्ट देवता भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव गीता कॉलोनी स्थित वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर में बहराना भजन संध्या के साथ मनाया गया। आयोजन मंदिर अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी के नेतृत्व में हुआ। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया गायक सुंदर लालवानी की प्रस्तुति पर मौजूद महिला और पुरुष जमकर झूमे इस अवसर पर महेश गंगवानी, दीपक बेलानी, नवीन यादव और डॉ. थानी का उपरना पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में चांदीराम जेठवानी, लोकेश आडवाणी, धर्मेंद्र खूबचंदानी, यश टेकवाणी, जयकिशन राजवानी, पवन खुबानी, मनीष तेजवानी, हरीश आडवाणी, किशन देवनानी, राजेश नाथनी सहित पदाधिकारी और श्रद्धालु मौजूद थे।

### माताजी मंदिर में आज महाआरती और भजन संध्या

**उज्जैन।** खाकचौक स्थित अंकपात मार्ग पर संत रविदास धाम आश्रम के सच्चियाय ओसियावाली माताजी मंदिर में नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि महोत्सव के तहत रविवार शाम 7 बजे महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके बाद 7.30 बजे से जागरण और भजन संध्या होगी। आश्रम के संतोष वर्मा और भक्त मंडल ने धमार्लुजन से आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### वैश्य समाज ने सूर्य को अर्घ्य दिया, गणगौर पूजन किया

**उज्जैन।** वैश्य महासम्मेलन ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर गुड़ी पड़वा मनाई। शहर प्रभारी शिवकुमार विजयवर्गीय ने बताया संभाग अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में गुड़ी पड़वा की सुबह कोठी रोड पर सूर्य को अर्घ्य दिया। तिलक लगाकर वैश्यजन का सम्मान किया। साथ ही नागरिकों को ठंडाई बांटी। शाम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में गुड़ी पड़वा के कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित वैश्य महासम्मेलन की सहभागिता रही। महिला संभाग अध्यक्ष प्रगति मंगल के नेतृत्व में वैश्य महिला सदस्यों ने गणगौर माता की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में वैश्य सदस्य और मातृशक्ति मौजूद थीं।

# 30वें राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यालय का शुभारंभ

### उज्जैन रीजन को मिली मेजबानी, 12 अप्रैल को राजस्थान के चांदखेड़ी में होगा भव्य आयोजन

### पोस्टर एवं ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म का विमोचन

### सामूहिक सहयोग से ऐतिहासिक बनेगा आयोजन




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के 30वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आयोजन कार्यालय का विधिवत शुभारंभ नानाखेड़ा स्थित हर्षदीप बिजनेस पार्क में संपन्न हुआ। यह एक दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 12 अप्रैल 2026 रविवार को राजस्थान के पावन अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी में आयोजित किया जाएगा। इस बार आयोजन की जिम्मेदारी उज्जैन रीजन को सौंपी गई है।

राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रशांत चौधरी ने बताया कि अधिवेशन को लेकर सभी स्तरों पर व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से हुई। अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात अधिवेशन के पोस्टर एवं ऑनलाइन पंजीयन हेतु गूगल फॉर्म का विमोचन किया गया।

शुभारंभ के अवसर पर फेडरेशन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने कहा कि पदाधिकारियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति यह संकेत दे रही है कि यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ अधिवेशन होगा। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल ने कहा कि पिछले राष्ट्रीय अधिवेशन की जिम्मेदारी उज्जैन के सम्यक ग्रुप ने बखूबी निभाई थी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उज्जैन रीजन इस बार इस अधिवेशन को और भी अधिक भव्य बनाएगा। वहीं, कॉन्फ्रेंस चेयरमैन हितेष जैन परम ने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सामूहिक सहयोग ही इस अधिवेशन की सफलता की कुंजी है।

इस अवसर पर अध्यक्षीय सलाहकार आशीष जैन सुतवाला, उज्जैन रीजन अध्यक्ष नवीन जैन, रीजन सचिव मनीष जैन, रीजन एवं कॉन्फ्रेंस कोषाध्यक्ष रत्नेश जैन सहित उज्जैन, देवास एवं इंदौर के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन विमल जैन ने किया।

### मुनि श्री निर्णय सागरजी एवं संघ का मंगल प्रवेश हुआ

**बड़नगर।** संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागरजी एवं एवं वर्तमान आचार्य श्री 108 श्री समय सागरजी के आज्ञानुवृति प. पु. मुनि श्री निर्णय सागरजी एवं संघ का मंगल प्रवेश स्थानीय श्री पार्श्वनाथ जिनालय हजारीबाग पर वरिष्ठ समाजजनों द्वारा मुनिसंघ की अगवानी कर चल समारोह के साथ विभिन्न मंदिरों के दर्शन कर श्री चंद्रप्रभु जिनालय गांधी चौक पर मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुवे। प्रवचन में मुनिश्री ने बड़नगर के भव्य जैन मंदिरों की प्रशंसा कि.

### श्री माधव क्लब में मंत्रोच्चार के साथ तरण ताल का शुभारंभ

# नए स्वरूप में खुला इंद्रप्रकाश भार्गव तरण ताल, प्रतिदिन एक घंटा व्यायाम करने का दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर के प्रसिद्ध श्री माधव क्लब स्थित इंद्रप्रकाश भार्गव तरण ताल का मंत्रोच्चार और पूजन के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। क्लब के सचिव कैलाश माहेश्वरी ने पूजन कर नए स्वरूप और आकर्षक साज-सज्जा वाले इस तरण ताल को सदस्यों, उनके परिजनों और अतिथियों के लिए प्रारंभ किया।

उद्घाटन अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुधीर गवारीकर ने फीता काटा। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम एक घंटे का समय अपने शरीर के व्यायाम के लिए देना चाहिए।

क्लब सचिव कैलाश माहेश्वरी ने बताया कि तरण ताल का समय सुबह 6 से 7 बजे तक महिलाओं, 7 से 8 बजे तक पुरुषों और 8 से 10 बजे तक सदस्यों, परिजनों व अतिथियों के लिए रहेगा। इसी तरह शाम को 5 से 6 बजे तक महिलाओं और 6 से रात 10 बजे तक सदस्यों, परिजनों व अतिथियों के लिए समय निर्धारित किया गया है।

क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं तरण ताल प्रबंध समिति के सदस्य सुनील हुकमचंद कछवाय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्विमिंग पूल में तैराकी के लिए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों के दिशा-निर्देश परिसर के अंदर प्रदर्शित किए गए हैं। इस अवसर पर आदित्य साबू, मांगीलाल बाहेती, प्रकाश मोटवानी, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. महेंद्र पाटीदार, डॉ. झुझार हुसैन, राकेश दीक्षित, विष्णु गोयल, सुनील पारीक राजपूत और पवन दाभाड़े सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चेटीचंड महापर्व पर सिंधी व्यंजनों का भी मिलेगा स्वाद

**उज्जैन।** चेटीचंड महापर्व के उपलक्ष्य में सिंधु जागृत समाज के तत्वावधान में रविवार, 22 मार्च को भव्य 'सिंधु मेला' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध गायक जतिन उदासी अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। जतिन उदासी देश-विदेश के अनेक मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। युवाओं, बुजुर्गों एवं मातृशक्ति में उनके भजनों को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण यादव होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव और महापौर मुकेश टटवाल उपस्थित रहेंगे।

# भगवान मिनेष जी की जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

### सैकड़ों वाहनों की रैली निकाली गई, विष्णु वाटिका में आरती और महाप्रसादी के साथ हुआ समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महाकाल की नगरी में 21 मार्च को मीणा समाज के आराध्य भगवान श्री मिनेष जी की जयंती पूर्ण धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मप्र मीणा समाज सेवा संगठन की उज्जैन जिला इकाई के तत्वावधान में शहर में एक भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसे लेकर जिले भर के मीणा समाज के बंधुओं में भारी उत्साह देखा गया।

संगठन के जिलाध्यक्ष योगेश मीणा और महिला अध्यक्ष सुविधा प्रहलाद पटेल ने बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में सुबह 10 बजे बापू नगर आगर रोड से ढोल-ढमाकों और आतिशबाजी के साथ भगवान श्री मिनेष जी का भव्य चल समारोह शुरू हुआ। इसमें भगवान मिनेष जी का रथ, डीजे और सैकड़ों की संख्या में दोपहिया व चार पहिया वाहन शामिल थे। यह चल समारोह मोहन नगर, धनकुटा मोहल्ला और काजीपुरा होते हुए पिपलीनाका स्थित विष्णु वाटिका पहुंचा।

विभिन्न मार्गों पर हुआ भव्य स्वागत चल समारोह में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु और माता-बहनें वाहनों पर सवार होकर शामिल हुईं। मीणा बाहुल्य क्षेत्रों सहित शहर के विभिन्न मार्गों पर इस चल समारोह का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। विष्णु वाटिका गार्डन पहुंचने के बाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें भगवान मिनेष जी और भगवान गणेश जी की विशेष पूजा-अर्चना व आरती की गई। इस दौरान सामाजिक उत्थान के विषयों पर विचार-विमर्श किया गया और अंत में सभी समाजजनों ने महाप्रसादी एवं भोजन ग्रहण किया।

आयोजन में युवा मीणा समाज प्रदेश महामंत्री सतीश चांदा, युवा प्रदेश महामंत्री महेंद्र मीणा दादू, युवा जिलाध्यक्ष आशुतोष मीणा, उज्जैन दक्षिण अध्यक्ष सतीश खोड़ा, मधुरम मीणा, राजेश मीणा घुसिंगा, उपाध्यक्ष मुकेश मीणा, बालमुकुंद मीणा, युवा प्रदेश मंत्री दिनेश मीणा, युवा प्रदेश मंत्री कमलेश मीणा, दीपक मीणा, संतोष मीणा, शक्ति मीणा, घट्टिया अध्यक्ष गणेश मीणा, रंजीत मीणा, बालमुकुंद मीणा, सेवाराम डोबाल, गणेश डोबाल, युवा उत्तर अध्यक्ष तरुण मीणा, राहुल चांदा, राकेश मीणा, उपाध्यक्ष संजय मीणा, नागदा-खाचरौद अध्यक्ष आयुष मीणा, महिदपुर अध्यक्ष विनोद मीणा, एडवोकेट अभिषेक चांदा, कोषाध्यक्ष पंकज चांदा, शशि जारेडा, दीपक जारेडा, दीपक मीणा, महेश मीणा, जगदीश मीणा, प्रकाश मीणा, राजकुमार मीणा, शांतिलाल मीणा, के के रावत, जितेंद्र मीणा, दिलखुश मीणा, गाबा पहलवान, शेरू जारेडा, ओम प्रकाश मीणा, उत्तम मीणा, दीपक मीणा, सतीश मीणा, बापू नगर गब्बर जारेडा, आर राजन मीना, विकास मीणा, मुकुट मीणा और अशोक चांदा सहित शहर व जिलेभर के स्वजातीय बंधु सपरिवार बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### निःशुल्क आयुर्वेद नाड़ी परीक्षण शिविर प्रारंभ, महाकाल की नगरी में 24 मार्च तक चलेगा शिविर

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन में माँ दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के तत्वाधान में पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर आज से प्रारंभ हो गया है। क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में यह शिविर 24 मार्च तक चलेगा। शिविर में नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर रहे हैं, जिनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे मरीज से पूछे बिना केवल नाड़ी देखकर बीमारी का सटीक पता लगा लेते हैं।

## खबर एक नजर...

### पारंपरिक रीति रिवाजों से मनाया गया गणगौर पर्व

**उज्जैन।** शहर में गणगौर पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही महिलाओं और युवतियों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। पर्व के अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक परिधान धारण कर माता गौरी और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने परिवार की सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य और खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने समूह में पारंपरिक लोकगीत गाए और गणगौर माता की आराधना की। हाथों में कलश और सिर पर गणगौर की प्रतिमाएं सजाए गीत गाती हुई महिलाएं शोभायात्रा के रूप में निकलीं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणगौर पर्व की विशेष रौनक देखने को मिली।

युवतियों ने व्रत रखकर माता गौरी की पूजा की। इस अवसर पर कई स्थानों पर सामूहिक पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। शाम के समय गणगौर माता की प्रतिमाओं का विधिपूर्वक विसर्जन किया गया।

### वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर में गूंजा 'आयो लाल, सभी चयो झूलेलाल'

**उज्जैन।** सिंधी समाज के इष्ट देवता भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव गीता कॉलोनी स्थित वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर में उल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बहराना साहिब और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत भगवान झूलेलाल की ज्योत प्रज्वलित कर और गणेश वंदना के साथ हुई। इसके बाद सुप्रसिद्ध गायक सुंदर लालवानी ने सिंधी भजनों पर ऐसा समां बांधा कि हजारों की संख्या में उपस्थित महिला-पुरुष श्रद्धालु झूम उठे। शाम 7 बजे से शुरू हुआ भजनों का यह दौर देर रात 1 बजे तक चलता रहा और उपस्थित लोग 'आयो लाल सभी चयो झूलेलाल' के जयकारे लगाए समारोह के दौरान महेश गंगवानी, दीपक बेलानी, नवीन यादव और डॉक्टर थानी का उपरना पहनाकर विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चांदीराम जेठवानी, लोकेश आडवाणी, धर्मेंद्र खूबचंदानी, यश टेकवानी, जयकिशन राजवानी, पवन खुबानी, मनीष तेजवानी, हरीश आडवाणी, किशन देवनानी और राजेश नाथानी सहित हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और पदाधिकारी मौजूद थे।

### विद्युत विभाग ने बकायादारों पर की कार्यवाही

**मंदसौर।** जिले के सीतामऊ संभाग अंतर्गत बकाया बिजली बिलों की वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने सख्त रूख अपनाते हुए रहीमगढ़ वितरण केंद्र के अधीन आने वाले 552 बड़े बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की गई है, जिनसे कुल 61 लाख 51 हजार 980 रुपये की विद्युत राशि वसूल की जानी है। इस संदर्भ में मध्य प्रदेश शासन की भू-राजस्व संहिता के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विधिवत आरआरसी जारी की गई थी

# मारपीट और हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



बिलपांक थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलपांक फंटे पर ट्रक चालकों के साथ हुई मारपीट और हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस हमले में गंभीर रूप से घायल एक ट्रक चालक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है, जबकि दूसरा घायल उपचाराधीन है।

उल्लेखनीय है की घटना 19 मार्च की है। पुलिस के अनुसार, दो भाई जो ट्रक चालक हैं, अपने-अपने ट्रकों से यात्रा कर रहे थे। रात के समय बिलपांक फंटे के पास चाय पीते समय कुछ स्थानीय युवकों के साथ उनका मामूली बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवकों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी, लोहे की टॉमी और लात-घूंसों से दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए रतलाम के मेडिकल कॉलेज (ट्रस्ट) भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया। एसडीओपी (ग्रामीण) किशोर पाटनवाला और बिलपांक थाना प्रभारी अय्युब खान के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने अपराध क्रमांक १४३/२०२६ के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 109(1), और 191(3) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

**गिरफ्तार आरोपी**

पुलिस ने ग्राम चिकलिया निवासी रोहित (19 वर्ष) पिता रामेश्वर निनामा, रामेश्वर (45 वर्ष) पिता शोभाराम निनामा, जगदीश (38 वर्ष) पिता शोभाराम निनामा, कन्हैयालाल (26 वर्ष) पिता रामेश्वर निनामा, तुलसीराम (28 वर्ष) पिता धुलजी कटिजा, भूरा (32 वर्ष) पिता मढिया भाभर और एक बाल अपचारी गिरफ्तार किया। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी भरत पिता शोभाराम निनामा फिलहाल घायल होने के कारण अस्पताल में उपचाराधीन है, जिसकी गिरफ्तारी शेष है।

## उज्जैन में आज होगा सिन्धु दर्शन यात्रा के पूर्व एवं भावी यात्रियों का सम्मेलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लेह-लद्दाख स्थित सिंधु नदी के तट पर प्रतिवर्ष होने वाले सिंधु दर्शन उत्सव के 30वें वर्ष के उपलक्ष्य में इस बार प्रथम 'सिंधु कुंभ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमें मध्य प्रदेश से अधिक से अधिक यात्रियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज 22 मार्च को उज्जैन में सिंधु दर्शन के पूर्व एवं भावी यात्रियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

सिंधु दर्शन यात्रा समिति मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित इस पूर्व यात्री सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में लेह-लद्दाख के पूर्व सांसद जमयांग सेरिंग नामग्याल शामिल होंगे। इनके साथ ही हिमालय परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह गिल और सिंधु दर्शन यात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरलीधर माखीजा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सिंधु दर्शन यात्रा समिति महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष उषा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर साल जून माह में लेह-लद्दाख में सिंधु उत्सव और सिंधु दर्शन यात्रा का आयोजन होता है।



### पिपलिया मंडी के नरसिंह मंदिर में गूंजे गणगौर के लोकगीत

**पिपलिया मंडी।** नगर के नरसिंह मंदिर में गणगौर पर्व के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माता गणगौर की स्थापना कर उत्साहपूर्वक पूजा-अर्चना की।आओ गणगौर माता, थारो रूप निराला, चांद सी सूरत लागे, सजी सोने री मालाज्ज जैसे मधुर लोकगीतों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। जानकारी देते हुए श्रीमती सरला शर्मा ने बताया कि गणगौर का पर्व होली के दूसरे दिन (धुलंडी) से प्रारंभ होकर लगभग १६ दिनों तक मनाया जाता है। माता गौरी को सौभाग्य, प्रेम और समर्पण की देवी माना जाता है। कुंवारी लड़कियाँ अच्छे वर की कामना करती हैं, वहीं विवाहित महिलाएँ पति की लंबी आयु एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं।

# आधुनिक भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति हैं- योगेश राजोरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

भारत सरकार, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश की प्राचीन सनातन परंपराओं के निर्वहन, संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। 'विरासत भी, विकास भी' के मंत्र के साथ सरकार ने न केवल भौतिक बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण किया है, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जड़ों को भी वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित किया है।

भारत की महामहिम राष्ट्रपति और माननीय उपराष्ट्रपति के इन हालिया प्रवासों को 'शक्ति' और 'भक्ति' के अद्भुत संगम के रूप में देखा जा सकता है, जो विकसित भारत के संकल्प को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार प्रदान करते हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी का वृंदावन में संत श्री प्रेमानंद जी महाराज से मिलना इस बात का प्रतीक है कि भारत का सर्वोच्च संवैधानिक पद आज भी देश की प्राचीन संत परंपरा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के प्रति नतमस्तक है। यह मिलन दर्शाता है कि ₹भविष्य का भारत₹ केवल भौतिक प्रगति नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और 'जन सेवा' के आदर्शों पर आधारित होगा। उपराष्ट्रपति जी (सी. पी. राधाकृष्णन) का नागपुर संघ कार्यालय प्रवास और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर उनकी सकारात्मक टिप्पणी राष्ट्र-प्रथम की भावना को पुख्ता करती है। यह प्रवास भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और ₹चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण₹ के संकल्प को दोहराता है, जो एक अनुशासित और एकजुट समाज के लिए आवश्यक है। ये यात्राएं सिद्ध करती हैं कि सनातन परंपराएं केवल अतीत का हिस्सा नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति द्वारा व्यक्त विचार यह स्पष्ट करते हैं कि भारत की विकास यात्रा में 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'सेवा परमो धर्मः' जैसे मूल्य हमेशा केंद्र में रहेंगे। अयोध्या में श्री राम मंदिर दर्शन के बाद राष्ट्रपति का संतों से मिलना और उपराष्ट्रपति का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका को सराहनीय बताना, सांस्कृतिक एकता के धागे को और मजबूत करता है। ये प्रवास इस संदेश को प्रसारित करते हैं कि आने वाले समय में भारत अपनी जड़ों से जुड़े रहकर ही दुनिया का नेतृत्व करेगा। यह आधुनिकता और सनातन के बीच के संतुलन का वह 'स्वर्ण युग' है, जहाँ नेतृत्व आध्यात्मिक ऊर्जा और राष्ट्रवादी मूल्यों से अनुप्राणित है।

## अग्रवाल समाज महिला मंडल ने मनाया गणगौर उद्यापन पर्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

अग्रवाल समाज देसी पंचायत महिला मंडल द्वारा शनिवार को गणगौर तीज के अवसर पर अग्रसेन मांगलिक भवन परिसर में सामूहिक उद्यापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिला मण्डल ने अनूठी मिसाल पेश करते हुए आयोजन में प्लास्टिक युक्त डिस्पोजल का पूर्णतः बहिष्कार किया गया और जल व्यवस्था लोटे के माध्यम से की गई। च्तना ही ले थाली में, व्यर्थ न जाए नाली मेंज् के संकल्प को साकार करते हुए मातृशक्ति ने केटरिंग व्यवस्था स्वयं अपने हाथों में ली और सभी को आवश्यकतानुसार ही भोजन परोसा ताकि अन्न का एक भी दाना व्यर्थ न जाए। झूठी प्लेट रखने के स्थान पर भी महिलाएं मुस्तैद रहीं और भोजन छोड़ने वालों से उसे प्रसाद समझकर ग्रहण करने का आग्रह किया।महिला मंडल की अध्यक्ष शशि अग्रवाल, महासचिव रानी अग्रवाल और श्वेता अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण बचाने का यह नवाचार आगे भी समाज के अन्य आयोजनों में जारी रहेगा।

### आठ दिवसीय संस्कार शिविर में 90 शिविरार्थी ले रहे है भाग

**मन्दसौर।** श्री साधुमार्गी शांतक्रांति जैन श्रावक संघ मंदसौर के द्वारा आचार्य 1008 श्री विजयराजमी म.सा. की पावन प्रेरणा एवं जिन शासन दिप्ती विदुषी महासती श्री मणिप्रभा जी म.सा. एवं साध्वी मण्डल की पावन निश्रा में आठ दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन शास्त्री कॉलोनी स्थित नवकार भवन परिसर में किया जा रहा है। इस आठ दिवसीय शिविर में बालक व बालिका वर्ग के लगभग 90 शिविरार्थी प्रतिदिन जैन धर्म की शिक्षायें, संस्कार, आचार, विचार सीख रहे हैं।

# 1 अप्रैल को निकलेगी वीर हनुमान यात्रा

## पुलिस-प्रशासन के साथ समिति ने किया मार्ग निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



भगवान पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर में हनुमान जयंती के एक दिन पूर्व १ अप्रैल को निकलने वाली भव्य श्री वीर हनुमान यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन को लेकर शनिवार को आयोजन समिति ने पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कंट्रोल रूम पर बैठक की और बाद में यात्रा मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया। बैठक में एएसपी तेरसिंह बघेल, एसडीएम शिवलाल शाक्य, सीएसपी जितेंद्र सिंह भास्कर, शहर कोतवाली टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, कोषाध्यक्ष दाऊभाई विजयवर्गीय, ब्रजेश जोशी, गौरव अग्रवाल, लोकेश पालीवाल सहित नगर पालिका और विद्युत मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के अनुसार, 1 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तलाई वाले बालाजी मंदिर से यात्रा का भव्य शुभारंभ होगा। आकर्षक रथ में तलाई वाले बालाजी का विग्रह विराजित रहेगा। इस यात्रा में बड़नगर का बैंड, महाराष्ट्र के ढोल, गोधरा के ताशे और उज्जैन का डमरू दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे, साथ ही राम दरबार एवं हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों की जीवंत झांकियां भी शामिल होंगी। यात्रा गांधी चौराहा, बस स्टैंड, घंटाघर, शुक्ला चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां रात्रि 9 बजे सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ होगा। इससे पूर्व 31 मार्च की शाम 5 बजे नगर के प्रमुख मार्गों से एक विशाल वाहन रैली भी निकाली जाएगी।बैठक में एएसपी तरे सिंह बघेल ने यात्रा को पूर्ण भक्ति और अनुशासन के साथ निकालने की बात कही।

### प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में पंचांग पूजन कर मनाया ज्योतिष दिवस

**उज्जैन।** श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह नववर्ष विक्रम संवत 2073 के प्रथम दिन गुड़ी पड़वा पर विक्रम उत्सव के तहत पंचांग पूजन व ध्वजारोहण कर नव संवत्सर का शुभारंभ किया गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्रेरणा से सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, महाराज विक्रमादित्य शोधपीठ उज्जैन, सम्राट विक्रमादित्य विद्वत परिषद, पूर्ण फाउंडेशन और मंदिर की श्री शिव विष्णु समिति द्वारा संयुक्त रूप से पंचांग का पूजन कर ज्योतिष दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रो. अर्पण भारद्वाज और निर्देशक के रूप में राम तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेश कुशवाह, नरेश शर्मा, मंदिर पुजारी घनश्याम शर्मा उपस्थित रहे

# निमाड़ की लोक आस्था के सबसे बड़े महापर्व गणगौर माता के जयकारों से नगर हुआ गुंजायमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

निमाड़ की लोक आस्था के सबसे बड़े महापर्व को लेकर शनिवार को चारों ओर उत्साह नजर आया। चैत्र शुक्ल की तीज को ब्रह्म मुहूर्त में बाड़ियों के पट खुलते ही गणगौर माता के जयकारों से नगर गुंजायमान हुआ। शहर में आठ से अधिक स्थानों पर बोई गई मुख्य बाड़ियां सुबह दर्शन के लिए खोली गई। माता रूपी जवारों के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भीड़ अधिक होने से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई।

महिलाओं ने माता को वस्त्र, सुहाग सामग्री सहित अन्य वस्तुएं अर्पित कर मंगलकामना की। माता को चुनरी ओढ़ाकर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया। बाड़ी खोलने के पारंपरिक गीतों के साथ रणुबाई व धणियर राजा के जयकारे लगे। पूजा का दौर दोपहर तक चलता रहा। यहां एक सप्ताह पहले माताजी के जवारे स्थापित किए गए थे। बाड़ी प्रमुखों व परिजनों ने रोजाना विधिवत सेवा की।

नगर की प्राचीन व परंपरागत बाड़ियों में आजाद रोड, मंडलोई अवार दरबार मोहल्ला, मुरली मनोहर बावड़ी मंदिर, बाहेती कॉलोनी, पंडित कॉलोनी, राजपूत छात्रावास, ओंकारेश्वर रोड, गणगौर भवन पंडित कॉलोनी आदि में गणगौर पर्व का उल्लास चरम पर रहा। मंडलोई अवार स्थित बाड़ी के पुजारी पं. देवेंद्र कानूनगो ने बताया नगर की यह सबसे प्राचीन बाड़ी है। इसका इतिहास 126 साल से अधिक साल का रहा है।

इसी प्रकार बाहेती कॉलोनी स्थित बाड़ी के पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा व पं. शुभम शर्मा ने बताया इस वर्ष करीब 25 रथ लाए गए। 33 साल से बाड़ी बोई जा रही है। बावड़ी मंदिर के पुजारी उमाशंकर कानूनगो ने बताया वर्ष 1991 से माता की बाड़ी बोई जा रही है।ओंकारेश्वर रोड स्थित बाड़ी के सेवादार दीपक योगी व पवन योगी ने बताया 7 साल से माता की बाड़ी बोई जा रही है।

श्रद्धालुओं ने यहां अपनी मन्नतें पूरी होने पर तुलादान किया। शाम को गणगौर माता को पानी पिलाने के लिए रथों को घर आंगन में रखा गया। झालरिया गाकर प्रसादी बांटी। मत्रत धारी जोड़े माता के रथ बोड़ाएंगे। इस दिन अपने घर में माता का पूजन कर पानी पिलाएंगे। विशेष भोज का

बाड़ी पूजन के बाद दोपहर में माता के रथ सजाने वाले मन्नत धारी परिवार बाड़ी स्थल पर ढोल-ताशों के साथ धणियर राजा की बारात लेकर रणुबाई को लेने पहुंचे। यहां पूजा के बाद जवारों को सुसज्जित रथों में रखकर महिला-पुरुषों ने रथों को सिर पर रखा। शोभायात्रा के रूप में अपने घर अतिथि बनाकर ले गए। जहां परिवार के साथ पूजन किया। कई रथों पर गणगौर के साथ ईसर भी रहे। यह शिवजी के रूप में हैं। रणुबाई मां पार्वती के रूप में हैं। मान्यता है कि चैत्र कृष्ण की एकादशी पर गणगौर माता के रूप में रणुबाई अपने मायके आती है।



## 12 सदस्यीय दल को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

आलीराजपुर। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलिंपियाड प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह 2025-26 हेतु जिले से 12 सदस्यीय दल को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। प्रतिवर्षानुसार सत्र 2025-26 में राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलिंपियाड प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन 22 एवं 23 मार्च को ग्वालियर में किया जा रहा है। जिसमें जिले से चयनित कक्षा 2 से 5 के चार छात्र-छात्राओं, मार्गदर्शक शिक्षकों एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में 16 एवं 17 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंग्रेजी विषय में इन छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद अब राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलिंपियाड प्रतियोगिता हेतु ग्वालियर में सम्मिलित होंगे। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगर में गणगौर का पर्व उत्साह से मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

नगर सहित क्षेत्र में चैत्र शुक्ल पक्ष की तीज 21 मार्च शनिवार को माता की बाडियां खुली। इस दौरान श्रद्धालु महिलाओं ने बाड़ी में पहुंचकर माता रूपी ज्वारों का पूजन अर्चना की। निमाड़ और मालवा का लोकपर्व गणगौर का नगर में उत्साह चरम पर है। ज्वारों की बाड़ी खुलते ही तीन दिवसीय गणगौर महापर्व प्रारंभ हुआ। बाड़ी में मां के ज्वारों की पूजा व दर्शन के लिए नगर के श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह 5 बजे से उमड़ पड़ी। नगर कै सिर्वी, माहेश्वरी, बाह्मण समाज सहित नगर मे निवासरत अन्य समाज की सभी महिलाओं ने बड़ी संख्या में नगर परसाई विशाल शरद पांडे के श्री राम मंदिर व सिर्वी मोहल्ला स्थित पवन हनुमान सेन के निवास स्थान पर स्थापित माता की बाड़ी में ज्वारे का पूजन किया। शनिवार को तीज के दिन नगर बाग में ज्वारे रूपी माता के प्रतीक को नगर में जिन जिन स्थानों पर माता के रथ स्थापित किए गए हैं।



धूमधाम से ढोल व चल समारोह के साथ लाए गए धनियार राजा यानी भगवान शंकर एवं रनुबाई यानि माता गौरी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भोग लगाया गया।

नगर के सिर्वी समाज के भक्तजनों ने गणगौर माता के 30 रथ एवं माहेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा एक रथ स्थापित किया गया है। विभिन्न समाजों की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर रनुबाई और धनिया राजा को रख झलारिया मंगल गीत गाएं जाएंगे। सुबह से माहेश्वरी मांगलिक भवन में महिलाओं ने सज संवर कर माता की पूजा कर गीत गाए। माहेश्वरी समाज की गणगौर तीज के अवसर पर ज्वारे रूपी माता जी की बाड़ी पर समाज की महिलाओं द्वारा पूजा-अर्चना किया। वहीं समाज की महिलाओं द्वारा सजधज कर आकर्षक वेशभूषा में माहेश्वरी भवन पर स्थित गणगौर माता के रथ को चल समारोह द्वारा माताजी की बाड़ी लाया गया। फूलपांती के रूप में चल समारोह का समापन माहेश्वरी भवन पर हुआ। माहेश्वरी समाज द्वारा स्थापित गणगौर के रथों को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर लाया जाकर नगर के सभी गणगौर रथों के साथ सिर पर रख कर महिलाओं द्वारा नृत्य किए जाएंगे व झाले देंगे।

## नेपानगर पुलिस की बड़ी सफलता: चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**बुरहानपुर।** नेपानगर पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सीवल बस स्टेण्ड स्थित एक किराना दुकान में चोरी की थी, जिसमें 12 हजार रुपये के सामान की चोरी हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 8 हजार रुपये का सामान बरामद किया गया है, जिसमें 4 हजार रुपये नकदी, तेल के 4 पैकेट, घी के २ पैकेट और काजु के 3 पैकेट शामिल हैं। आरोषियों में पप्पु पिता हरदास चौहान (18 वर्ष) और एक नाबालिग शामिल हैं, जो दोनों ग्राम डालमउ के निवासी हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने नेपानगर और नावरा क्षेत्र में कई चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार पाटीदार के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू जायसवाल और उनकी टीम ने इस मामले में सराहनीय भूमिका निभाई। टीम में उपनिरीक्षक हेमेन्द्रसिंह चौहान, सउनि सुरजसिंह मौर्य, प्र- आर 259 संदीप पटेल और आरक्षक 346 गजेन्द्र शामिल थे। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया,



## मुस्लिम समाज ने ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लाह से मनाया



सनावद। पवित्र रमजान कहां की 30 रोजे रखने के बाद ईद उल फितर का चांद शुक्रवार की शाम को नजर आया शनिवार सुबह अंजुमन इस्लाम कमेटी के तत्वावधान में ईद की नमाज के लिए जरदार चोक से शहर काजी हाफिज अजमल अशरफी साहब की कयादत में जुलुस नारा ए तकबीर की बुलंद आवाज के साथ सैकड़ों मुस्लिम समाजजन ईदगाह पहुंचे। मौलाना अबुनशर साहब ने ईद का बयान किया पश्चात शहर काजी हाफिज अजमल अशरफी साहब ने ईद उल फितर की नमाज अदा कर देश में अमन शांति खुशहाली तरक्की के लिए दुआ की। अंजुमन सदर शेख साकेरीन ने पुलिस प्रशासन राजस्व विभाग नगर पालिका सभी को धन्यवाद देकर ईद की मुबारकबाद दी और खुशी अमन और शांति के साथ ईद मनाने की अपील की। इस दौरान शहर आलीम हाफिज मुजम्मिल शेख जर्रार पेंटर आकिब खान गुफरान आजम सहीत हजारो लोगों ने ईदगाह पर नमाज अदा की।

# कुपोषण मिटाने की दिशा में बड़ा कदम, आलीराजपुर में पोषण किट वितरण अभियान का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत रतलाम लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान के प्रयासों से आज आलीराजपुर जिले में पोषण आहार किट वितरण अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के उपक्रम गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अवंत फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में आलीराजपुर विकास खंड के लगभग 313 लाभार्थियों को पोषण किट वितरित कर अभियान की शुरूआत की गई। इस योजना के अंतर्गत पूरे संसदीय क्षेत्र में कुल 21,650 पोषण किट्स कुपोषित बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को वितरित की जाएंगी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कुपोषण उन्मूलन के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं, जिनमें सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार होगा। पोषण किट्स में फ्लेक्स सीड्स, मल्टीग्रेन दलिया, सोयाबीन, गुड़, मूंगफली, स्पिरूलिना पीनट बार, मल्टीग्रेन न्यूट्रीशन बार, मिल्क पाउडर, पोहा, खजूर, भुने चने और मुरमुरे जैसी पौष्टिक सामग्री शामिल है, जो बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार में सहायक होगी।



कार्यक्रम में नीति सलाहकार श्री अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य और पोषण का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कुपोषण को एक जटिल समस्या बताते हुए व्यवहार परिवर्तन, संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधि पर जोर दिया।

मध्य प्रदेश विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। अलीराजपुर जिले में बच्चों में कुपोषण की दर चिंताजनक है। ऐसे में यह अभियान स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार द्वारा पोषण अभियान, राज्य पोषण मिशन, फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, एसडीएम श्री वीरेंद्र बघेल, जिला परियोजना अधिकारी सुश्री मोनिका बघेल, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री कस्तूरी, अवंत फाउंडेशन के जिला समन्वयक हिमांशु पाण्डेय सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने त्वरीत कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

जिले में महिला संबंधी गंभीर अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निदेशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी राजपुर श्री आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना निवाली पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई।

## ईद की नमाज के बाद आपसी विवाद में चाकूबाजी, एक घायल

नीमच- शहर के अंबेडकर कॉलोनी क्षेत्र में ईद की नमाज के बाद शनिवार को बच्चों के झगड़े और पुराने विवाद ने बड़ा रूप ले लियाद्य जिसमें चार युवकों ने मिलकर एक युवक पर चाकू व लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे युवक शाहरुख उम्र 26 वर्ष निवासी अंबेडकर कॉलोनी घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती किया गयाद्य जहां पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर प्रकरण दर्ज कियाद्य घायल युवक के अनुसार वाहिद व अन्यचार यू कौन है सुबह बच्चों के हुए झगड़े को लेकर विवाद किया और उसके साथ चाकू हुआ अन्य लाठी डंडों से मारपीट की जिसमें वह घायल हो गया।

## राजेन्द्र अग्रवाल भारतीय खाद्य निगम में परामर्शदात्री समिति मे शामिल हुए

खंडवा। भारत सरकार उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के लिये भारतीय खाद्य निगम परामर्शदात्री समिति मे खंडवा से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (नयन एग्रो)को नामित किया गया है, भारत सरकार उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा परामर्शदात्री समिति मे नामित किये जाने के जारी नियुक्ति आदेश पत्र के साथ अधिकार सूचि भी जारी किये गये हैं, नियुक्ति मे खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील का विशेष सहयोग रहा।राजेन्द्र अग्रवाल के नामित होने पर खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे का आभार मानते हुए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, खंडवा अग्रवाल समाज, चेंबर्स आफ कामर्स,सीड एसोसिएशन,खाद बीज एसोसिएशन,एवं शुभचिंतकों सामाजिक व्यापारिक संगठनों ने बधाईयां दी!



## धुरंधर 2 ने दुनिया भर में 500 करोड़ कमाए

### तीसरे दिन 113 करोड़ की कमाई की, जवान-बाहुबली 2 और दंगल को पीछे छोड़ा

फिल्म धुरंधरः द रिवेंज यानी धुरंधर 2 ने रिलीज के तीसरे दिन भी शानदार कमाई दर्ज की है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के शुरूआती अनुमानों के मुताबिक,, फिल्म ने तीसरे दिन भारत में 113 करोड़ रुपए नेट कलेक्शन किया। तीन दिनों (प्रीव्यू सहित) में फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 339.27 करोड़ रुपए पहुंच गया है। वहीं, दुनियाभर में फिल्म ने 500 करोड़ से ज्यादा कमाई कर ली है। फिल्म का ओवरसीज ग्रॉस 96.50 करोड़ रुपए के आसपास है और कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 501.04 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म ने विदेशों में लगभग 96.50 करोड़ रुपए कमाए हैं, जिसके चलते दुनियाभर में फिल्म का कुल कलेक्शन 501.04 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

**भारत में तीन दिन का नेट कलेक्शनः** पेड प्रीव्यू शो (बुधवार): 43 करोड़ रुपए गुरुवारः 102.55 करोड़ रुपए शुक्रवारः 80.72 करोड़ रुपए शनिवारः 113 करोड़ रुपए कुलः 339.27 करोड़ रुपए तीसरे दिन 20,917 शोज में फिल्म की 81.6% ऑक्यूपेंसी रही। हिंदी वर्जन ने 105 करोड़ के साथ सबसे ज्यादा कमाई की। वहीं, तेलुगु में 5 करोड़ और तमिल में 2.95 करोड़ का कलेक्शन हुआ। धुरंधर 2 ने तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करते हुए 7 फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। आदित्य धर की फिल्म ने सिर्फ तीन दिनों में 339.27 करोड़ रुपए कमाए, जिसमें से हिंदी वर्जन ने 105 करोड़ रुपए का बिजनेस किया. अगर तुलना करें तो इसके पहले पार्ट 'धुरंधर' ने तीसरे दिन सिर्फ 51.60 करोड़ रुपए कमाए थे।

**साइको सैया के अनुद सिंह ढाका बोले**

# क्लैपरबॉय था, इरफान खान ने कहा- तुम्हें एक्टर बनना ही चाहिए





एक्टर अनुद सिंह ढाका, जो वेब सीरीज साइको सैया में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं, ने हाल ही में अपने करियर, अनुभव और अभिनय यात्रा पर खुलकर बातचीत की। बचपन से ही एक्टिंग का शौक रखने वाले अनुद ने बताया कि कैसे मशहूर अभिनेता इरफान खान ने उन्हें पहली बार देखा और उनके अभिनय में छुपी क्षमता को देखकर कहा, तुझे एक्टर बनना चाहिए।

साइको सैया में अपने किरदार के लिए अनुद ने मेहनत के साथ-साथ सह-कलाकारों जैसे रवि किशन, तेजस्वी प्रकाश, सुरभि चंदना और सृष्टि श्रीवास्तव के साथ काम करने के अनुभव को भी बेहद प्रेरणादायक बताया।

**आपकी जर्नी कैसी रही एक छोटे शहर से मुंबई तक और एक्टिंग का फैसला कैसे लिया?**

मैं बचपन से ही एक्टर बनना चाहता था। शीशे के सामने खड़े होकर खुद को हीरो समझता था, हालांकि आज पुरानी फोटो देखता हूं तो लगता है कि काफी गलतफहमी थी। परिवार को भी अंदाजा था कि मैं एक्टिंग की तरफ झुक रहा हूं, लेकिन मैं आईआईटी की तैयारी भी कर रहा था और चाहता था कि मुंबई जाऊं। आखिरकार आईआईटी नहीं हुआ, तो मैंने पढ़ाई जारी रखी और फिर 2013 में भोपाल से मुंबई आ गया। शुरूआत आसान नहीं थी न पैसे, न कोई खास सपोर्ट। कई बार जमीन पर सोकर दिन गुजारे। लेकिन एक मकसद था कि एक्टिंग ही करनी है, इसलिए कभी बैकअप प्लान नहीं रखा। मुंबई आने के बाद मैंने सेंट जेवियर्स कॉलेज से पढ़ाई की, स्कॉलरशिप पर गुजारा किया और साथ-साथ समझा कि इंडस्ट्री कैसे काम करती है। धीरे-धीरे छोटे-छोटे काम, ऑडिशन और स्ट्रगल करते हुए आज यहां तक पहुंचा हूं।

**स्ट्रगल के दौरान ऐसा कोई मोड़ आया जिसने आपको भरोसा दिलाया कि आप सही रास्ते पर हैं?**


एक बहुत बड़ा टर्निंग पॉइंट तब आया जब मुझे फिल्म करीब करीब सिंगल में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करने का मौका मिला। वहीं मेरी मुलाकात इरफान खान से हुई। मैं उस समय एडी (क्लैपर बॉय) का काम कर रहा था। एक दिन उन्होंने मुझे देखा और बिना किसी संदर्भ के बुलाकर कहा ह्यमुझे लगता है तुम्हें एक्टर होना चाहिए। सोचिए, एक ऐसा इंसान जिसे आप आदर्श मानते हैं, वो अचानक आपसे ये कह दे तो आप हिल जाते हो। उन्होंने मजाक में ये भी कहा कि एक्टर्स गधे होते हैं, लेकिन उसी के साथ उन्होंने मुझे पुश भी किया कि मैं एक्टिंग करूं। उनकी उस एक बात ने मेरे अंदर का सारा डाउट खत्म कर दिया। उसके बाद मैंने कभी ये नहीं सोचा कि मुझे कुछ और करना चाहिए।

**शुरूआत में करियर कैसे आगे बढ़ा और पहले मौके कैसे मिले?**

शुरूआत में मैं ऑडिशन देता रहा और सर्वाइव करने के लिए अलग-अलग काम किए जैसे डिज्नी के लिए कार्टून लिखना, जिससे किराया निकलता था। फिर मुझे फिल्म सुपर 30 में छोटा सा रोल मिला, जिसमें मेरे किरदार का नाम भी नहीं था ह्यरघुनाथ का चमचा। लेकिन वहीं से शुरूआत हुई। उसके बाद छिछोरे मिली, जहां मैं बैकग्राउंड में था और कोशिश करता था कि स्क्रीन पर दिख जाऊं। इन छोटे-छोटे कामों से जो पैसे मिले, उनसे कुछ महीनों का गुजारा होता गया। फिर ताजमहल 1989 जैसे प्रोजेक्ट्स मिले और धीरे-धीरे पहचान बननी शुरू हुई।

**आपका पहला बड़ा ब्रेक क्या रहा और कब लगा कि लोग पहचानने लगे हैं?**

ईमानदारी से कहूं तो मुझे आज भी लगता है कि वो बड़ा ब्रेक अभी आना बाकी है। लेकिन जनहित में जारी, ताजमहल 1989 और लफंगे जैसे प्रोजेक्ट्स मेरे लिए बहुत अहम रहे। 2020 में जब मेरा काम नेटफ्लिक्स पर आया और आर्टिकल्स में मेरा नाम आने लगा, तब लगा कि शायद सही रास्ते पर हूं। फिर भी मैं इसे फाइनल मंजिल नहीं मानता अभी बहुत कुछ सीखना और करना बाकी है।



## धुरंधर 2 के बाद अर्जुन रामपाल को मिला बड़ा मौका

### ऋषभ शेट्टी की फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज में निभाएंगे खतरनाक विलेन का किरदार

बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल इन दिनों चर्चा में हैं। उनकी हालिया फिल्म धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है और अर्जुन के खलनायक किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया। अब इस सफलता के बाद अर्जुन रामपाल जल्द ही ऋषभ शेट्टी की बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक फिल्म द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज में मुख्य विलेन के रूप में नजर आएंगे।

वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में अर्जुन रामपाल एक ताकतवर विरोधी का किरदार निभाएंगे, जो मुख्य नायक यानी ऋषभ शेट्टी के किरदार से टक्कर लेगा। उनके इस रोल को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में पहले से ही उत्साह है। फैंस अर्जुन के नए अवतार के लिए बेहद उत्साहित हैं और उनकी एक्टिंग रेंज को इस रोल में और मजबूत होने की उम्मीद है।

**फिल्म की कहानी और प्रोडक्शन-** छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के महान योद्धा की जीवन गाथा पर आधारित एक महाकाव्य फिल्म है। इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के साहस, रणनीति, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम को दशार्या जाएगा। फिल्म में शेफाली शाह राजमाता जीजाबाई के किरदार में दिखाई देंगी। प्रोडक्शन इस साल के मध्य में शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म तकनीकी दृष्टि से भव्य होगी और इसके सेट, विजुअल इफेक्ट्स और कॉस्ट्यूम डिजाइन को लेकर खास तैयारी की जा रही है।

**एक्ट्रेस राम्या धुरंधर 2 पर भड़कीं: रणवीर सिंह के बालों का उड़ाया मजाक**

# फिल्म देखने के बजाय पैसे बचाएं, ओटीटी का इंतजार करें



रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है, लेकिन पूर्व लोकसभा सांसद और कन्नड़ एक्ट्रेस राम्या ने फिल्म की कड़ी आलोचना की है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म को देखने के बाद राम्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटर) पर एक लंबा पोस्ट शेयर किया।

उन्होंने दर्शकों को सलाह दी है कि वे सिनेमाघरों में जाकर अपना समय और पैसा बर्बाद न करें, बल्कि इसके ओटीटी पर आने का इंतजार करें। राम्या ने यह भी लिखा की लोग कह रहे हैं कि रणवीर ने फिल्म को अपने कंधों पर उठाया है, लेकिन मुझे तो सिर्फ उनके बाल दिखाई दिए।

**डायरेक्शन और डायलॉग्स को बताया बेकार-** राम्या ने फिल्म के हर विभाग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने फिल्म के डायरेक्शन, डायलॉग्स, एडिटिंग और बैकग्राउंड स्कोर को बहुत ही खराब बताया। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा कि ऐसा लगता है जैसे मेकर्स ने डेडलाइन के दबाव में बिना सोचे-समझे फिल्म रिलीज कर दी।

राम्या के मुताबिक, फिल्म को देखकर ऐसा महसूस होता है जैसे मेकर्स ने बस यह कह दिया हो कि हां परफेक्ट है, भेज दो, जबकि फिल्म में बारीकियों पर ध्यान नहीं दिया गया।

**रणवीर सिंह के बालों पर कसा तंज-** फिल्म में रणवीर सिंह के परफॉर्मेंस पर कमेंट करते हुए राम्या ने काफी मजाकिया लहजे में निशाना साधा। उन्होंने लिखा, लोग कह रहे हैं कि रणवीर ने फिल्म को अपने कंधों पर उठाया है, लेकिन मुझे तो सिर्फ उनके बाल दिखाई दिए। फिल्म के पहले पार्ट में उनके बालों की एक पर्सनैलिटी थी, लेकिन इस पार्ट में वे सिर्फ दृश्यों को ब्लॉक कर रहे हैं। उनके बालों को तो 'बेस्ट सपोर्टिंग रोल' के लिए नॉमिनेट कर देना चाहिए।

**फिल्म की हिंसा और लॉजिक पर उठाए सवाल-** राम्या ने फिल्म में दिखाई गई अत्यधिक हिंसा की भी आलोचना की। उन्होंने फिल्म को 'हथियारों का विजुअल हैंडबुक' बताया, जिसमें सिरिंज और स्पैनर जैसी साधारण चीजों को भी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया है।

उन्होंने फिल्म के लॉजिक पर सवाल उठाते हुए कहा, दोनों पैर कटने और शरीर पर केरोसिन डालने के बाद भी किरदार ऐसे डायलॉग बोल रहा है जैसे वह किसी 'टेड टॉक' में हो। इसके लिए ऑस्कर नहीं बल्कि नोबेल प्राइज मिलना चाहिए। मेडिकल साइंस की जय हो।

**जिंगोइज्म और प्रोपेगैंडा से बाहर निकलने की सलाह-** राम्या ने फिल्म को 'बहुत बड़ी निराशा' और 'उबाऊ' करार दिया। उन्होंने डायरेक्टर आदित्य धर को सलाह दी कि अब जिंगोइज्म (अंधराष्ट्रवाद) और प्रोपेगैंडा का जमाना पुराना हो गया है, इससे बाहर निकलना चाहिए। उन्होंने रणवीर सिंह से भी कहा कि वे इस तरह की फिल्मों से कहीं बेहतर एक्टर हैं।



# आईपीएल में पहली बार सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय

## पेट कमिंस बाहर तो ईशान किशन ने कमान संभाली, 6 कैप्टन पहली ट्रॉफी जीतने की दौड़ में



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

आईपीएल के 19 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय होंगे। सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस के शुरूआती मैचों से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने उनकी जगह ईशान किशन को कप्तानी सौंपी है।

इसके साथ ही टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबलों में सभी टीमों की कमान भारतीय खिलाड़ियों के हाथ में होगी। पिछले सीजन में भी हैदराबाद के पैट कमिंस को छोड़कर बाकी सभी टीमों के कप्तान भारतीय ही थे।

**ईशान किशन पहले बार किसी आईपीएल की कप्तानी करेंगे-** ईशान किशन पहली बार आईपीएल में कप्तानी करते नजर आएंगे। मौजूदा 10 कप्तानों में 6 ऐसे हैं, जो अपनी पहली ट्रॉफी की तलाश में हैं। इनमें ऋतुराज गायकवाड़, रियान पराग, शुभमन गिल, अजिंक्य रहाणे, ईशान किशन और ऋषभ पंत शामिल हैं।

वहीं, बाकी 4 कप्तान पहले ही खिताब जीत चुके हैं। श्रेयस अय्यर ने 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को चैंपियन बनाया था, रजत पाटीदार ने 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को खिताब दिलाया, जबकि हार्दिक पांड्या ने 2022 में गुजरात टाइटंस को ट्रॉफी जिताई थी।

**श्रेयस अय्यर इकौलते कप्तान जो तीन फ्रेंचाइजियों को फाइनल तक पहुंचाया-** श्रेयस अय्यर आईपीएल इतिहास के इकलौते कप्तान हैं, जिन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजियों को फाइनल तक पहुंचाया है। उन्होंने 2020 में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम को मुंबई इंडियंस से हार मिली थी। इसके बाद 2024 में उन्होंने ङङफ को चैंपियन बनाया और 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम आरसीबी से हार गई।

**धोनी और रोहित सबसे सफल कप्तान-** आईपीएल इतिहास में सबसे सफल कप्तानों की बात करें तो महेंद्र सिंह धोनी (सीएसके) और रोहित शर्मा (एमआई) शीर्ष पर हैं। दोनों ने अपनी-अपनी टीमों को 5-5 बार चैंपियन बनाया है। धोनी के नाम सबसे ज्यादा मैच (229) और जीत (134) दर्ज हैं, जबकि रोहित ने मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाए हैं।

# आरआर के नए कप्तान बोले-संजू सैमसन का कोई रिप्लेसमेंट नहीं

## आईपीएल किसी एक खिलाड़ी के दम पर नहीं जीता जा सकता; वैभव करेंगे ओपनिंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर**

राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान रियान पराग ने कहा- इंडियन प्रीमियर लीग जैसा बड़ा टूर्नामेंट किसी एक या 2 खिलाड़ियों के दम पर नहीं जीता जा सकता। टीम को जीत दिलाने के लिए हर खिलाड़ी का योगदान जरूरी है। पराग ने कहा- टीम में कुछ खिलाड़ियों को 700 रन तक बनाने होंगे, जबकि कुछ को 400-400 रन का योगदान देना पड़ेगा। वहीं, निचले क्रम के बल्लेबाजों को भी अच्छी औसत के साथ बल्लेबाजी करनी होगी और गेंदबाजों को विकेट लेने होंगे। टीम का एक गेंदबाज पर्पल कैप की रेस में बना रहे, तभी टीम बेहतर स्थिति में पहुंच सकती है। पराग ने कहा- जैसे रोहित शर्मा और विराट कोहली का रिप्लेसमेंट नहीं है, वैसे ही संजू सैमसन का भी कोई विकल्प नहीं हो सकता। सैमसन ने काफी मेहनत की है, उसी के दम पर आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। जयपुर में मीडिया से बातचीत में क्रिकेटर रियान पराग ने ये बातें कहीं। पराग ने कहा- पिछले सीजन में टीम आखिरी ओवर में तीन से चार मैच हार गई थी। इस बार टीम बेहतर प्लानिंग के साथ मैदान में उतरेगी ताकि ऐसी स्थिति दोबारा न बने।



# पॉल स्टर्लिंग ने आयरलैंड टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ी



## वनडे में कप्तानी करते रहेंगे, जून में भारत सीरीज खेलेगी टीम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ डबलिन**

आयरलैंड के स्टार बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने टी20 इंटरनेशनल टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने यह फैसला टी-20 वर्ल्ड कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद लिया है।

35 साल के स्टर्लिंग ने एक बयान में कहा कि वे सभी फॉर्मेट में खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा- 'इस फैसले से मैं खुद को बेहतर करने और मैदान पर ज्यादा योगदान देने पर फोकस कर सकूंगा। आयरलैंड की टीम टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ सकी। वहीं, स्टर्लिंग खुद भी घुटने की चोट के कारण बीच टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। स्टर्लिंग ने कहा- नए कप्तान को पूरा सपोर्ट दूंगा स्टर्लिंग ने कहा- यह टीम के लिए नई शुरूआत करने का सही समय है। नए कप्तान को मेरा पूरा सपोर्ट रहेगा। उन्होंने कहा- टी-20 में आयरलैंड की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है। इस पर मुझे बेहद गर्व है। स्टर्लिंग ने कहा- देश की कप्तानी करना मेरा सौभाग्य है। इस रोल में अपने कार्यकाल के दौरान मुझे जो सपोर्ट मिला है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। स्टर्लिंग ने 2023 में एंडी बालबर्नी के बाद टीम की कमान संभाली थी। उन्होंने 48 टी20 मैचों में कप्तानी की। उन्होंने कहा- वे ओडिआई टीम की कप्तानी जारी रखेंगे। वे 2027 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन पर ध्यान देंगे।












फरवरी महीने में

# आठ प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर 2.3 फीसदी हुई



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

फरवरी महीने में भारत के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा (कोर सेक्टर) की ग्रोथ घटकर 2.3 फीसदी पर आ गई है। कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट से इस सुस्ती को बल मिला है। आर्थिक आंकड़ों का पूरा विश्लेषण और अर्थव्यवस्था पर इसके असर को समझने के लिए यह रिपोर्ट पढ़ें।

देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर फरवरी में धीमी हो गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यह वृद्धि दर घटकर 2.3 फीसदी रह गई है। पिछले साल इसी महीने में यह दर 3.4 फीसदी दर्ज की गई थी।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। यह गिरावट आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती का संकेत देती है। कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में इस महीने गिरावट आई है। इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कमी चिंता का विषय है। अप्रैल से फरवरी की अवधि के लिए संचयी उत्पादन वृद्धि भी प्रभावित हुई है। इस वित्तीय वर्ष में यह 2.9 फीसदी रही है। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में यह 4.4 फीसदी थी। यह दशार्ता है कि पूरे वित्तीय वर्ष में बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर में कमी आई है, जो अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। फरवरी में आठ प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई। यह पिछले वर्ष के 3.4 फीसदी के मुकाबले 2.3 फीसदी पर आ गई। कच्चे तेल का उत्पादन इस महीने घटा है। प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में भी गिरावट दर्ज की गई।

ऊर्जा क्षेत्र में जबरदस्त बदलावः विद्युत क्षमता 520.51 गीगावाट

# देश में मात्र 0.03 फीसदी बिजली की किल्लत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

जनवरी 2026 तक भारत की स्थापित विद्युत क्षमता 520.51 गीगावाट पहुंच गई है। बिजली की कमी वित्त वर्ष 2014 के 4.2% से घटकर 0.03% रह गई। 1.85 लाख करोड़ रुपये के निवेश से 18,374 गांवों और 2.86 करोड़ घरों को बिजली मिली। नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से वृद्धि, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा, ने उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड 52,537 मेगावाट की बढ़ोतरी कर देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत की है।

देश के ऊर्जा क्षेत्र में जबरदस्त बदलाव हुआ है। जनवरी, 2026 तक भारत की स्थापित विद्युत क्षमता 520.51 गीगावाट तक पहुंच गई है। साथ ही, बिजली की कमी वित्त वर्ष 2014 के 4.2 फीसदी से घटकर दिसंबर, 2025 तक मात्र 0.03 फीसदी रह गई, जो आपूर्ति की पर्याप्तता में एक महत्वपूर्ण सुधार को दशार्ता है। 1.85 लाख करोड़ के निवेश से 18,374 गांवों का विद्युतीकरण और 2.86 करोड़ घरों को बिजली कनेक्शन देना संभव हुआ। स्मार्ट मीटर लगाने से कार्यक्षमता और पारदर्शिता बढ़ी है। वहीं, नवीकरणीय ऊर्जा खासकर सौर ऊर्जा में तेजी से हुई बढ़ोतरी ने नवीकरणीय स्रोतों को बिजली मांग का रिकॉर्ड हिस्सा पूरा करने में सक्षम बनाया है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश के लिए विश्वसनीय, किफायती और सार्वभौमिक बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करना एक तकनीकी चुनौती और गवर्नेंस की उपलब्धि, दोनों है। आपूर्ति की औसत लागत (एसीएस) व प्राप्त औसत राजस्व (एआरआर) के बीच का अंतर वित्त वर्ष 2025 में 0.78 रुपये प्रति यूनिट से तेजी से घटकर 0.06 रुपये प्रति यूनिट रह गया है।

**उत्पादन क्षमता में वृद्धि-** 2025-26 के दौरान (31 जनवरी, 2026 तक) सभी स्रोतों से रिकॉर्ड 52,537 मेगावाट की उत्पादन क्षमता जोड़ी गई है। इसमें से 39,657 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त हुई, जिसमें 34,955 मेगावाट सौर ऊर्जा और 4,613 मेगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। यह एक ही वर्ष में अब तक की सबसे अधिक क्षमता वृद्धि है। इसने 2024-25 में हासिल किए गए 34,054 मेगावाट के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। यह वृद्धि देश की कुल स्थापित क्षमता में 11 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी को दर्शाती है।

**पारंपरिक ईंधन पर घटी निर्भरता-** एक दशक पहले, बिजली की कमी आर्थिक गतिविधियों और दैनिक जीवन के लिए बाधा बनी हुई थी, लेकिन 2025-26 में भारत ने सफलतापूर्वक 242.49 गीगावाट बिजली की पीक मांग को पूरा किया। डीजल जनरेटर और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता घटी है, जिससे लागत में कमी आई है।

**सार्वभौमिक पहुंच-** ग्रामीण भारत में औसत दैनिक आपूर्ति वित्त वर्ष 2014 के 12.5 घंटे से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 22.6 घंटे हो गई। शहरी क्षेत्रों में आपूर्ति 22.1 घंटे से बढ़कर 23.4 घंटे हो गई। भारत में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत भी 2024-25 में बढ़कर 1,460 किलोवाट-घंटा हो गई, जो 2013-14 के 957 किलोवाट-घंटा की तुलना में 503 किलोवाट-घंटा अधिक है।



### प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत ऊर्जा यात्रा के अहम मोड़ परः मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्र में निवेश करने के लिए बृहस्पतिवार को आमंत्रित किया और उनसे भारत में निर्माण, निवेश, नवाचार एवं विस्तार करने का आग्रह किया। भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट-2026 में केंद्रीय ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल ने मोदी का लिखित संदेश पढ़ा, जिसमें पीएम ने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि यह शिखर सम्मेलन सार्थक संवाद एवं स्थायी साझेदारियों को बढ़ावा देगा, जो भारत की वृद्धि को ऊर्जा प्रदान करेंगी। इस सम्मेलन का उद्देश्य पूरे बिजली और ऊर्जा तंत्र को एक मंच पर लाना है, ताकि विकास और जीवन स्तर सुधार के लिए साझा मार्ग तैयार किया जा सके। यह विकास को ऊर्जा प्रदान करने एवं स्थिरता लाने, वैश्विक स्तर पर जुड़ने व 2047 तक विकसित भारत बनाने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के हमारे साझा संकल्प को दशार्ता है।

**परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में नए अवसर खुले-** शांति अधिनियम-2025 परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में नए अवसर खोलता है, जबकि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना विकेंद्रीकृत उत्पादन एवं टिकाऊ खपत को बढ़ावा दे रही है। वितरण सुधार एवं दक्षता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे वित्तीय स्थिति सुधारने में मदद मिली है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


**2030 तक 500 गीगावाट का लक्ष्य**

पीएम ने कहा कि 50 फीसदी से अधिक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता पहले ही हासिल की जा चुकी है और 2030 तक 500 गीगावाट का स्पष्ट लक्ष्य है। वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड जैसी पहल वैश्विक सहयोग के हमारे दृष्टिकोण को दशार्ती हैं।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के

# सीएफओ श्रीराम वेंकटरमन ने पद छोड़ा

## निशांत वर्मन वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वॉलमार्ट समर्थित ई-कॉमर्स दिग्गज फ्लिपकार्ट के नेतृत्व में बड़ा बदलाव हुआ है, जहां ग्रुप सीएफओ श्रीराम वेंकटरमन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और निशांत वर्मन ने सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के रूप में वापसी की है। ई-कॉमर्स सेक्टर के इस अहम कॉरपोरेट फेरबदल की पूरी जानकारी के लिए यह रिपोर्ट अभी पढ़ें।

ई-कॉमर्स प्रमुख फ्लिपकार्ट ने घोषणा की कि उसके ग्रुप मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) श्रीराम वेंकटरमन अपने पद से हट रहे हैं। वेंकटरमन कंपनी में सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए कुछ समय तक बने रहेंगे। इस अंतरिम अवधि के दौरान, फ्लिपकार्ट के सीएफओ रवि अय्यर संगठन में वित्तीय विभाग की देखरेख करेंगे। वॉलमार्ट समर्थिक इस कंपनी ने वेंकटरमन के शीर्ष-स्तरीय बदलाव के साथ ही निशांत वर्मन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कॉरपोरेट विकास और साझेदारी के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। वर्मन एक उद्यमी के रूप में अपना एक क्रॉस-बॉर्डर निर्यात मंच शुरू करने के बाद फ्लिपकार्ट में लौट रहे हैं। उन्होंने पहले माइक्रोसॉफ्ट की कॉरपोरेट विकास टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मॉर्गन स्टेनली में तकनीकी निवेश बैंकिंग क्षेत्र में भी काम किया है। वर्मन की वापसी से कंपनी के रणनीतिक विकास और साझेदारी प्रयासों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। फ्लिपकार्ट ग्रुप की स्थापना वर्ष 2007 में हुई थी। इस ग्रुप में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट और मिंत्रा शामिल हैं।

आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी के कथित कम भुगतान के चलते

# कर अधिकारियों से 769 करोड़ का डिमांड नोटिस मिला

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी के कथित कम भुगतान के चलते कर अधिकारियों से 769 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस मिला है। न्यूनतम बैलेंस खातों से जुड़े इस पूरे मामले और बैंक की कानूनी रणनीति की विस्तृत रिपोर्ट पढ़ने के लिए क्लिक करें।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। देश के प्रमुख ऋणदाताओं में से एक, आईसीआईसीआई बैंक को कर अधिकारियों से एक बड़ा झटका लगा है। बैंक को वस्तु व सेवा कर के कथित कम भुगतान के मामले में 768.6 करोड़ रुपये का भारी-भरकम डिमांड नोटिस मिला है। यह मामला सीधे तौर पर बैंक द्वारा अपने उन ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं से जुड़ा है, जो अपने खातों में एक तय बैलेंस मेंटेन करते हैं।

आईसीआईसीआई बैंक ने एक नियामक फाइलिंग के जरिए बाजार को इस कार्रवाई की जानकारी दी। इस मामले से जुड़े प्रमुख तथ्य इस प्रकार हैं:




- **आदेश की प्राप्ति और प्राधिकारीः** बैंक को यह आदेश 18 मार्च, 2026 को प्राप्त हुआ। इसे सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई पूर्व आयुक्तालय के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा जारी किया गया है।
- **कानूनी धाराः** यह डिमांड नोटिस महाराष्ट्र वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत भेजा गया है।
- **जुर्माने की रकम का गणितः** कर अधिकारियों ने 384,33,53,972 रुपये की मूल जीएसटी की मांग रखी है। इसके साथ ही, नियमों के अनुसार इतनी ही राशि का जुर्माना और लागू होने वाला ब्याज भी जोड़ा गया है, जिससे कुल नोटिस की रकम 768.6 करोड़ रुपये हो गई है।
- **किस सेवा पर लगा टैक्सः** यह नोटिस विशेष रूप से उन ग्राहकों को बैंक द्वारा दी जाने वाली सेवाओं पर लगाया गया है जो अपने खातों में निर्दिष्ट न्यूनतम बैलेंस बनाए रखते हैं।
- **आगे की कानूनी रणनीतिः** इतनी बड़ी रकम का नोटिस मिलने के बाद बैंक ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। आईसीआईसीआई बैंक ने कहा है कि वह निर्धारित समय-सीमा के भीतर कानूनी माध्यमों से इस आदेश का कड़ा विरोध करेगा।

- इस मामले की गंभीरता को लेकर बैंक ने अपनी फाइलिंग में आधिकारिक तौर पर कहा, चूंकि बैंक पहले से ही इसी तरह के मुद्दे पर अतीत में जारी आदेशों या कारण बताओ नोटिस (एससीएन) पर मुकदमेबाजी (जिसमें एक रिट याचिका भी शामिल है) का सामना कर रहा है, और चूंकि इस वर्तमान मामले में शामिल कुल राशि हमारी भौतिकता सीमा को पार कर गई है, इसलिए इस मामले की आधिकारिक रूप से सूचना दी जा रही है।
- बैंक ने आगे यह भी साफ किया कि वह इस आदेश को चुनौती देने के लिए एक रिट याचिका या अपील दायर करने सहित सभी उचित कदम उठाएगा। यह घटनाक्रम बैंकिंग क्षेत्र में सेवाओं और कर अनुपालन को लेकर चल रही सख्ती को दशार्ता है। न्यूनतम खाते के बैलेंस से जुड़ी सेवाओं पर कर की गणना एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरी है। आगामी समय में बाजार और निवेशकों की नजर इस बात पर होगी कि आईसीआईसीआई बैंक कानूनी मंच पर इस 768.6 करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस से कैसे निपटता है।

सामान्य दरों में बदलाव नहीं

# प्रीमियम पेट्रोल दो रुपये, औद्योगिक डीजल 22 रुपये महंगा हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

तेल विपणन कंपनियों ने 20 मार्च 2026 से प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2.3 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। मध्य पूर्व के तनाव के कारण एचपीसीएल और आईओसीएल के ब्रांडेड पेट्रोल हुए महंगे। रेगुलर पेट्रोल के दाम स्थिर। इस बदलाव का पूरा विश्लेषण अभी पढ़ें।

तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है।

हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये से बढ़कर 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह, दिल्ली में थोक औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये से बढ़कर 109.59 रुपये प्रति लीटर हो गईं। अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें गुरुवार, 19 मार्च 2026 को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, बाद में ये लगभग 108 डॉलर प्रति बैरल पर वापस आ गईं।

इंडियन ऑयल ने एक आम सूचना में बताया कि पिछले 20 दिनों में वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। कच्चे तेल का दाम 71 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 156 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया है। इस वैश्विक उछाल के बावजूद भारत में ऑटोमोटिव ईंधन की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

कंपनी ने बताया कि इंडियन ऑयल ने केवल प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी-95 की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। यह प्रीमियम पेट्रोल कुल पेट्रोल बिक्री का लगभग पांच फीसदी है। कंपनी ने देश भर में ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है।

## ईरानी नेवी ने एलपीजी लदा भारतीय जहाज होर्मुज पार कराया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 22वां दिन है। ईरानी नेवी ने 13 मार्च की रात को एक भारतीय जहाज को सुरक्षित तरीके से होर्मुज स्ट्रेट पार कराया था। छद्ध लेकर आ रहा ये जहाज 10 दिन से फारस की खाड़ी में फंसा था। यह खबर ब्लूमबर्ग ने दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह काम भारत और ईरान के बीच बातचीत के बाद हुआ। जहाज को पहले से तय रास्ते से निकाला गया ताकि वह हमलों से बच सके। इस दौरान जहाज का ट्रैकिंग सिस्टम (अक्र) बंद कर दिया गया था।

हालांकि रिपोर्ट में इस जहाज का नाम नहीं बताया गया है। अभी तक दो भारतीय जहाज शिवालिक (16 मार्च) और नंदा देवी (17 मार्च) होर्मुज के रास्ते छद्ध लेकर भारत पहुंचे हैं। वहीं फारस की खाड़ी में अभी भी करीब 22 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं।

फारस की खाड़ी में मौजूद होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के अहम शिपिंग रूट्स में शामिल है। यहां से दुनिया भर की करीब 20% ऑयल की सप्लाई होती है। इजराइल की सेना ने कहा है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान में नए हमले शुरू किए हैं। जिसमें सरकारी ढांचे और अहम ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह कार्रवाई उस समय हुई जब हाल ही में ईरान ने दक्षिणी इजराइल के शहरों पर मिसाइल हमले किए थे, जिनमें 100 से ज्यादा लोग घायल हुए। ईरान ने कहा था कि उसके हमले, उसके नतांज परमाणु केंद्र पर हुए हमलों के जवाब में किए गए थे। कतर के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि एक हेलिकॉप्टर नियमित ड्यूटी के दौरान तकनीकी खराबी की वजह से देश के समुद्री क्षेत्र में गिर गया। मंत्रालय के अनुसार, हेलिकॉप्टर में मौजूद क्रू और यात्रियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने सीमा के पास इजराइली सैनिकों और उनके वाहनों को निशाना बनाया। इसके अलावा, अल-अदाइसेह बॉर्डर टाउन में भी इजराइली सैनिकों और वाहनों पर एक और रॉकेट हमला किया गया।

### बंगाल-ओडिशा में ओला-बारिश और आंधी चलने का अलर्ट

# मप्र-राजस्थान समेत 7 राज्यों में मार्च में सर्दी लौटी:पारा 10 डिग्री तक गिरा, कोहरा छाया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मार्च का पहला पखवाड़ा सूखा रहा, कई राज्यों में लू चली और तापमान 42 डिग्री तक पहुंचा। लेकिन दूसरे पखवाड़े में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम पलट गया। देशभर में कई सिस्टम बनने से पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश-ओले गिर रहे हैं। जिससे तापमान गिरकर 20 डिग्री रह गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी में शनिवार सुबह से कोहरा छाया रहा। तापमान भी 10ञ्च तक गिर गया। शनिवार को देश के पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर हिस्सों में भारी बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी है। इनमें ओडिशा-बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट है। गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में 80'स्त्रँ की रफ्तार से आंधी-तूफान की संभावना है। वहीं, ओडिशा में हवाओं की रफ्तार 70'स्त्रँ हो सकती है। बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। इस बीच, दक्षिणी राज्यों और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी छिटपुट बारिश होने की उम्मीद है, जबकि केरल, तटीय कर्नाटक और गोवा में गर्म और उमस भरा मौसम बना रह सकता है।

### अगले 7 दिन हीटवेव या लू का अलर्ट नहीं

मौसम विज्ञानी महेश पालावत के अनुसार, महीने के आखिर में एक और पश्चिमी विक्षोभ से बदलाव संभव है। हालांकि एक हफ्ते तक देश में कहीं भी हीटवेव चलने की कोई आशंका नहीं है।

उत्तर पश्चिम भारत यानी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में दो दिनों में तापमान में 4-5 डिग्री गिरा है। अगले 2-3 दिन यह 2-3 डिग्री और गिरेगा। मध्य भारत यानी मप्र, छग व महाराष्ट्र में भी अगले 2 दिन खास परिवर्तन नहीं होगा। गुजरात में अगले 3 दिनों में 5 डिग्री तक तापमान बढ़ेगा और फिर स्थिर बना रहेगा। पूर्वी भारत यानी बिहार, झारखंड, प. बंगाल व ओडिशा में दो दिन 2-3 डिग्री कम होगा। उसके बाद 3 दिनों में 4-5 डिग्री बढ़ जाएगा।



### हिमाचल में लगातार चौथे दिन बर्फबारी, 25 मार्च तक अलर्ट

हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी बर्फबारी जारी रही। मनाली, लाहौल-स्पीति और आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुक कर हो रही बर्फबारी से हालात सर्दियों जैसे बन गए हैं। अटल टनल, सोलंग और रोहतांग पास में 90 से 120 सेंटीमीटर तक बर्फ की मोटी परत जम गई है। वहीं भुंतर-मनिकरण रोड लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गई है और मनाली-रोहतांग रूट पर वाहनों की आवाजाही नेहरू कुंड तक सीमित कर दी गई है। लाहौल घाटी का संपर्क भी कट गया है और सड़कों को साफ करने का काम जारी है। बर्फबारी से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। कल्पा में न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि कुकुमसेरी 1.1 डिग्री और मनाली 3 डिग्री दर्ज किया गया। दूसरी ओर ऊना में अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### क्या है पश्चिमी विक्षोभ

भूमध्य सागर, काला सागर और कैस्पियन सागर से वेस्टर्न जेट स्ट्रीम के साथ जो बादल उठते हैं, वे पश्चिम से पूर्व की तरफ आते हैं। जब वे पश्चिमी हिमालय तक पहुंचते हैं तो उन्हें रुकावट मिलती है और पहाड़ों पर बर्फबारी होती है। यदि उनका आकार बड़ा है तो मैदानी इलाकों में बारिश होती है। ऐसा अमूमन नवंबर से फरवरी के बीच और कभी-कभी मार्च में भी हो जाता है। यही वेस्टर्न डिस्टर्बेंस या पश्चिमी विक्षोभ कहलाता है।

## राजस्थान में लगातार तीसरे दिन ओले गिरे, तेज बारिश



वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण जयपुर सहित कई जिलों में सुबह तेज बरसात हुई। टोंक और धौलपुर में ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है। श्रीगंगानगर में कोहरा छाने के कारण विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही। मार्च में छा रही धुंध वेदर एक्सपर्ट को भी चौंका रही है। शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बारिश और ओले गिरने से फरवरी जैसी ठंडक हो गई है। वहीं, गुरुवार को राजस्थान में तूफानी बारिश और ओले गिरने से दिन का तापमान 11 डिग्री तक लुढ़क गया। बाड़मेर, अलवर में गुरुवार को 10टट से ज्यादा पानी बरसा। टोंक जिले की सोप तहसील में शुक्रवार सुबह चने के आकार के ओले गिरे। इससे फसलों को नुकसान पहुंचा है। जयपुर शहर और आसपास के एरिया में सुबह से हो रही तेज बरसात से पारा गिर गया है। बारिश का दौर शुक्रवार अलसुबह 3 बजे शुरू हुआ। सीकर में रातभर बूंदाबांदी होती रही। श्रीगंगानगर में आज सुबह कोहरा छाया रहा। यहां विजिबिलिटी 10 मीटर से कम रही। टोंक जिले में ओले गिरने से बड़े एरिया में मूंग की फसल को नुकसान पहुंचा है। वहीं, बाड़मेर में पिछले 24 घंटे के दौरान 16.7टट, अलवर में 13.4टट, जैसलमेर में 5.4, बीकानेर में 5.6टट बरसात दर्ज हुई।

### उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश

उत्तराखंड के सभी जिलों में सुबह से बारिश हो रही है, जबकि उत्तरकाशी और चमोली में भारी बर्फबारी जारी है। रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में बारिश के साथ बर्फबारी दर्ज की गई है। चारों धाम- यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ-लगातार दूसरे दिन बर्फ से ढके हुए हैं। गंगोत्री में घुटने तक और बद्रीनाथ में दो से तीन फीट तक बर्फ जम चुकी है।

### इंडिगो संकट के दौरान ?18 हजार तय की थी अधिकतम सीमा

# घरेलू फ्लाइट्स का किराया 23 से बढ़ा सकेंगी एयरलाइंस

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अब एयरलाइन कंपनियां घरेलू फ्लाइट्स का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने हवाई किराए पर लगी रोक को हटा दिया है। आदेश के मुताबिक यह फैसला 23 मार्च से लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई रुकावटों के बाद फेयर कैप लगाया लगाया गया था। सरकार ने एयरलाइंस का अधिकतम किराया ?18000 तय किया था। एयरलाइन इससे ज्यादा दाम नहीं ले सकती थीं।

आदेश में कहा गया... पूरे सेक्टर में उड़ानों की क्षमता बहाल हो गई है तथा परिचालन सामान्य हो गया है। समीक्षा के बाद, यह फैसला किया गया है कि किराए पर लगाई गई सीमा को 23 मार्च, 2026 से हटा दिया जाएगा।

दरअसल, पिछले साल DGCA ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नाम दिया गया था। इसकी वजह से एयरलाइन कंपनी इंडिगो में स्टाफ की कमी हो गई जिससे हजारों फ्लाइट्स कैंसिल हुईं थी। इस वजह से अन्य एयरलाइंस ने घरेलू फ्लाइट्स का किराया 50 हजार तक बढ़ा दिया था।




### सरकार बोली- हम सुनिश्चित करेंगे कि युद्ध का असर यात्रियों पर ना पड़े

केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने शनिवार को कहा कि मौजूदा युद्ध की स्थिति का एविएशन सेक्टर पर असर पड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि किराए में बढ़ोतरी का बोझ यात्रियों पर न पड़े। उन्होंने कहा कि सभी मंत्रालयों को एक साथ बैठना होगा। तेल की कीमतों और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (अळऋ) की कीमतों पर असर निश्चित रूप से पड़ेगा, लेकिन इसका असर संचालन और यात्रियों पर नहीं पड़ना चाहिए। मंत्रालय का यही इरादा होगा और हम सकारात्मक तरीके से काम करेंगे।

### मंत्रालय ने कहा- हवाई किराए पर नजर रख रहे

अपने आदेश में, मंत्रालय ने यह भी कहा कि एयरलाइंस को कीमतों के मामले में अनुशासन बनाए रखना होगा और जिम्मेदारी से काम करना होगा। मंत्रालय ने कहा कि एयरलाइंस यह सुनिश्चित करेंगी कि किराया उचित, पारदर्शी और बाजार की स्थितियों के अनुरूप हो, और यात्रियों के हितों पर कोई बुरा असर न पड़े। मंत्रालय ने कहा कि किराए में किसी भी तरह की अत्यधिक या अनुचित बढ़ोतरी को गंभीरता से देखा जाएगा। आदेश में कहा गया कि मंत्रालय रियल टाइम हवाई किराए के रुझानों पर नजर रख रहा है। इंडिगो की फ्लाइट्स में बड़े पैमाने पर कैंसिलेशन और देरी के बाद फ्लाइट्स का किराए में उछाल देखने को मिला था। यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से दस गुनी कीमत पर टिकट खरीदने पड़ रहे थे। 6 दिसंबर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट की कीमत 40,000 रुपए से ज्यादा थी, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपए तक पहुंच गए थे। दिल्ली से मुंबई की फ्लाइट का न्यूनतम किराया 36,107 रुपए और अधिकतम 56,000 रुपए चला गया था।


## नाम परिवर्तन सुचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, मेरा नाम राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) है, जो कि मेरे आधार कार्ड मे दर्ज है, मेरी पुत्री यशस्वी वर्मा के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) दर्ज है परंतु उसकी 10वी की अंकसूची में मेरा नाम आर जी वर्मा (RG VERMA) दर्ज है, जिसे सुधार कर राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) दर्ज किया जाना है, अतः प्रकाशन उपरांत भविष्य मे मेरी पुत्री यशस्वी वर्मा की अंकसूची पर मेरा सही नाम राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) दर्ज किया जावें एवं इसी नाम से पढा-लिखा, जाना पहचाना, पुकारा जावे एवं समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजो पर भी दर्ज किया जावे ।

**पुराना नाम**
यशस्वी वर्मा पिता आर जी वर्मा (R G VERMA)

**नया नाम**
यशस्वी वर्मा पिता राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) निवासी वार्ड न 29 नीलकंठ कॉलोनी शाजापुर तहसील व जिला शाजापुर मध्य प्रदेश

स्थान- शाजापुर
दिनांक- 20.03.2026

### लेकिन ईरानी खतरे का अंदाजा नहीं लगा पाया

# ईरान ने हीट ट्रैकिंग मिसाइल से अमेरिकी F-35 को गिराया

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान

ईरान ने 19 मार्च को दुनिया के सबसे एडवांस अमेरिकी फाइटर जेट F-35 को गिराने का दावा किया। ईरानी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स ने अपने स्वदेशी मजीद एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए इसे मार गिराया।

अगर यह सच है तो ईरान पहला ऐसा देश होगा जो ऐसा कर पाया है। F-35 फाइटर जेट को करीब दो दशकों से अमेरिकी सैन्य ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता रहा है। यह सबसे प्रीमियम फाइटर जेट है, जिसे खास तौर पर इस तरह बनाया गया है कि वह दुनिया के सबसे मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम में भी बिना पकड़े घुसकर हमला कर सके।

ईरान का दावा है कि उसने इस अदृश्य माने जाने वाले जेट की कमजोरी पकड़ ली है। मजीद डिफेंस सिस्टम ने F-35 से निकली इंफ्रारेड यानी गर्मी को पकड़कर उसे निशाना बनाया गया। ईरान का कहना है कि F-35 भले ही रडार से बचने में सक्षम हो, लेकिन उसके इंजन से निकलने वाली गर्मी को पूरी तरह छिपाया नहीं जा सकता।

वहीं, अमेरिकी वेबसाइट ने भी सूत्रों के हवाले से बताया था कि ईरान के हमलों की वजह से F-35 को मिडिल ईस्ट में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने 19 मार्च को F-35 पर हुए हमले का फुटेज जारी किया है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। ईरानी मीडिया के मुताबिक पहले यह माना जा रहा था कि F-35 को गिराने में तलाश एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल हुआ है। लेकिन अब कहा जा रहा है कि मजीद शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम ने ही F-35 को गिराया है।

## यह दुनिया का सबसे एडवांस फाइटर जेट

**F-35**

**फाइटर जेट्स के फीचर्स...**



टॉप स्पीड- मैक 1.6 (लगभग 1,930 किमी/घंटा)

रेंज- लगभग 2,222 किमी

AESA रडार- एक साथ सैकड़ों टारगेट ट्रैक कर सकता है

DAS सिस्टम- 360° व्यू देने वाला सेंसर नेटवर्क

स्टेल्थ डिजाइन- रडार से छुपकर उड़ सकता है

EOTS सिस्टम- टारगेट को लोकेट और ट्रैक करता है

सिंगल-सीट मल्टीरोल- एक ही मिशन में कई तरह के ऑपरेशन कर सकता है

### मजीद एयर डिफेंस 6km दूरी तक निशाना लगा सकता है

मजीद एयर डिफेंस सिस्टम को ईरान ने 2021 में पहली बार सार्वजनिक तौर पर दिखाया था। इसे खास तौर पर नजदीकी दूरी की सुरक्षा के लिए तैयार किया गया है।

इस सिस्टम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह रडार पर निर्भर नहीं रहता, बल्कि इंफ्रारेड तकनीक का इस्तेमाल करता है। इसी वजह से ऐसे विमान जो रडार से बचने के लिए डिजाइन किए गए हैं, वे भी इसकी नजर से बच नहीं पाते।

मजीद सिस्टम आम तौर पर कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट को पकड़ने के लिए बनाया गया है। इसकी मार करने की दूरी करीब 700 मीटर से लेकर 6 किलोमीटर तक मानी जाती है। इस वजह से यह उन हालात में ज्यादा कारगर होता है, जहां दुश्मन के विमान या ड्रोन को किसी खास इलाके के ऊपर आना पड़ता है। इसे पॉइंट डिफेंस सिस्टम कहा जाता है, यानी यह एयरबेस, सैन्य ठिकानों, रडार स्टेशन या किसी महत्वपूर्ण इमारत जैसी जगहों की सीधी सुरक्षा के लिए तैनात किया जाता है। यह सिस्टम आमतौर पर मोबाइल प्लेटफॉर्म पर लगाया जाता है, यानी इसे जरूरत के हिसाब से एक जगह से दूसरी जगह जल्दी शिफ्ट किया जा सकता है

### मजीद डिफेंस सिस्टम रडार की बजाय इंफ्रारेड तकनीक पर काम करता

मजीद डिफेंस सिस्टम रडार की बजाय इंफ्रारेड तकनीक पर काम करता है। ऐसे में **F-35** के अंदर जो सेंसर और चेतावनी सिस्टम लगे होते हैं, वे इस खतरे को आसानी से पहचान नहीं पाते। **F-35** के पास जो इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम होते हैं, वे आम तौर पर दुश्मन के रडार सिग्नल को जाम कर देते हैं। लेकिन यहां यह पूरी तरह बेकार साबित हुए। ईरान की ओर से जारी वीडियो के मुताबिक, इस हमले में सिर्फ एक मिसाइल ही काफी रही। इससे यह दिखाने की कोशिश की गई कि सिस्टम कितना सटीक है और फ़35 की गर्मी वाली कमजोरी कितनी बड़ी है।



# आसिम मुनीर की शिया धर्मगुरुओं को धमकी बोले- ईरान से मोहब्बत तो वहीं चले जाओ

ब्रह्मास्त्र ›› रावलपिंडी

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने गुरुवार को शिया धर्मगुरुओं से कहा कि जो लोग ईरान से इतना प्यार करते हैं, वे वहां चले जाएं। उनके इस बयान को शिया समुदाय के नेताओं ने अपमानजनक और भड़काऊ बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुनीर ने रावलपिंडी में शिया समुदाय की एक इफ्तार पार्टी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे किसी को भी, किसी दूसरे देश के लिए अपनी वफादारी की वजह से, पाकिस्तान में अफरा-तफरी फैलाने की इजाजत नहीं देंगे। इससे पहले उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि किसी दूसरे देश की घटनाओं के आधार पर पाकिस्तान में हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बयान के बाद शिया समुदाय का कहना है कि यह उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाने जैसा है।

## अमेरिका की ईरानी तेल खरीद पर 30 दिन की छूट

ब्रह्मास्त्र ›› वॉशिंगटन

ट्रम्प प्रशासन ने ईरानी तेल की खरीद पर प्रतिबंधों में 30 दिन की छूट दी है। ये छूट केवल समुद्र में मौजूद ईरानी तेल के टैंकरों की खरीद के लिए है। अमेरिकी ट्रेजरी मिनिस्टर स्कॉट बेसेंट ने इसकी घोषणा की। ट्रेजरी विभाग की वेबसाइट के मुताबिक यह छूट 20 मार्च से 19 अप्रैल के लिए है।

ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई बढ़ाने और कीमतों को काबू में रखने के लिए ऐसा किया गया है। अमेरिका-इजराइल की ईरान के साथ चल रही जंग की वजह से क्रूड की कीमतें 110 डॉलर के पार निकल गई है। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले ये 70 डॉलर के करीब थी।

स्कॉट बेसेंट ने कहा कि दुनिया के लिए इस मौजूदा सप्लाई को अस्थायी रूप से खोलकर ग्लोबल मार्केट में लगभग 14 करोड़ बैरल तेल तेजी से आएगा। इससे दुनियाभर में ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ेगी और सप्लाई पर जो अस्थायी दबाव बना है, उसे कम करने में मदद मिलेगी।

### रूसी तेल की खरीद पर दूसरी बार प्रतिबंध हटाया

ट्रम्प प्रशासन ने गुरुवार को एक नया 'जनरल लाइसेंस' जारी किया, जिसके तहत उन रूसी टैंकरों से तेल बेचने की इजाजत दी गई है जो 12 मार्च तक लोड हो चुके थे। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के मुताबिक, यह छूट 11 अप्रैल 2026 तक लागू रहेगी। नया लाइसेंस 12 मार्च को जारी किए गए पिछले 30 दिनों के 'सेंक्शंस वेवर' की जगह लेगा। पुराने लाइसेंस में कुछ तकनीकी स्पष्टता की कमी थी। नए लाइसेंस के जरिए उत्तर कोरिया, क्यूबा और क्रीमिया को इस छूट से बाहर कर दिया है।

### युद्ध के कारण 120 डॉलर तक पहुंच गई थी तेल की कीमतें

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ब्रेंट क्रूड आज 112 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। बीते दिनों ये 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। तेल की कीमतों के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50% कच्चा तेल और 54% एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है।

# ट्रम्प का ईरान को अल्टीमेटम- 48 घंटे में होर्मुज खोलें: नहीं तो पावर प्लांट तबाह करेंगे; ईरान बोला- अमेरिका-इजराइल के वाटर प्लांट उड़ा देंगे

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव/वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रविवार को लिखा, अगर ईरान 48 घंटे के भीतर होर्मुज को नहीं खोलता है, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा और उन्हें तबाह कर देगा और शुरूआत सबसे बड़े प्लांट से होगी।

वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचे पर हमला करेगा।

ईरान के खातम अल-अनबिया सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता इब्राहिम जुल्फाघारी ने कहा कि ईरान अमेरिका और इजराइल से जुड़े समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले प्लांट (डिसेलिनेशन प्लांट) और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी हमला करेगा।



ईरान ने शनिवार रात इजराइल के दक्षिणी शहर डिमोना पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, जिससे करीब 20 लोग घायल हो गए। डिमोना वही शहर है जहां इजराइल का न्यूक्लियर प्रोग्राम सेंटर है।

ईरान के राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने शनिवार को पीएम मोदी से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि BRICS को ईरान पर हो रहे हमलों रोकने में भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि BRICS को बिना किसी दबाव के, अपने दम पर काम करना चाहिए और इस मामले में आगे आना चाहिए।

ईरान के राष्ट्रपति ने यह भी सुझाव दिया कि मिडिल ईस्ट के देशों को मिलकर एक नया सुरक्षा सिस्टम बनाना चाहिए। इससे इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहेगी और बाहर के देशों का दखल कम होगा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को ईरानी मिसाइल लॉन्चर पर हमले का वीडियो जारी किया।

### एक्सपर्ट बोले- ईरान को लेकर ट्रम्प के फैसले साफ नहीं

ग्लोबल पॉलिसी इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष पाओलो वॉन शिराक ने कहा है कि ट्रम्प के फैसले तेजी से बदलते रहते हैं, इसलिए यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि वह ईरान के खिलाफ युद्ध में अगला कदम क्या उठाएंगे।

उन्होंने अल जजीरा से बातचीत में कहा कि यह भी साफ नहीं है कि ट्रम्प के पास युद्ध खत्म करने या होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने के लिए कौन-कौन से तरीके हैं। वॉन शिराक ने कहा, ह्यएक तरफ ट्रम्प कहते हैं कि युद्ध खत्म होने की ओर है, हालात शांत हो रहे हैं और शायद कोई रास्ता निकल सकता है। लेकिन दूसरी तरफ वह चेतावनी देते हैं कि अगर ईरान होर्मुज नहीं खोलता, तो अमेरिका बड़ा हमला करेगा।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कवि की रचना, गजल-3
3. अनुमान, अंदाज-3
5. सद्पुरुष-2
6. अयोग्य, असंगत-2
8. स्वार्थ, लोभ-4
10. सहयोग, सहकार-3
11. उन्माद, सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक, शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन, अशिष्टता-4
20. पैंदा, तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन, आर्ट-2
2. बल, दम, जोर-3
3. समीप, नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम, संदेह-3
7. उपनदी, कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख, सौ हजार-2
11. स्वभाव, आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब, शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा, लाइन-3
21. होठ, अधर-2
22. आगमन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| | | | | | | | | |
| 31 | | 20 | | 35 | | 4 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 35 | | 7 | | 8 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 48 | | 21 | | 36 | | 29 | = | 40 / 34 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रि | ल | क्ष | रि | श्ता | ज | व | न | र | ट |
| दा | ड | यू | न | दी | वा | ज़ी | द | इ | ह | ड |
| वा | व | जा | पू | वा | जी | थ | न | ग | क | र |
| दा | धी | न | ते | ना | ज | औं | म | पा | त | ना |
| म | त | ई | ड | प | व | खें | न | ग | कं | ज |
| र | ए | म | सु | न | दि | पू | न | डॅ | र | रू |
| ती | जं | क | मे | ता | क | ल | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | अ | सं | भ | व | है | ली | न | है |
| ब्रे | यो | नं | य | ज | वि | क | री | तु | प | ला |
| ऐ | ला | न | न | ज | न | त्र | व | जी | म्य | त |
| वे | धी | लो | नि | या | ल | धी | र | रा | त | रा |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 1 | 6 | | 4 |
| | 37 | | 37 | | 29 | 3 |
| 2 | 4 | | 7 | | 6 | 1 |
| | 31 | 1 | 28 | | 32 | |
| | 6 | | 2 | | 3 | 7 |
| 1 | 28 | 4 | 27 | | 33 | |
| | 1 | | 3 | | 4 | 6 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# LPG संकट- राज्यों को 23 मार्च से 20% ज्यादा गैस मिलेगी

## केंद्र बोला- ढाबों होटलों को प्राथमिकता मिले



# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के चलते होटल-रेस्टोरेंट वालों को भट्टी पर खाना बनाना पढ़ रहा है

केंद्र ने देश में जारी गैस संकट के बीच राज्यों को LPG सप्लाई बढ़ाने का निर्देश दिया है। 23 मार्च से राज्यों को अब पहले के मुकाबले 20% ज्यादा गैस दी जाएगी। इसके बाद राज्यों को मिलने वाली कुल सप्लाई संकट से पहले के स्तर (प्री-क्राइसिस लेवल) के 50% तक पहुंच जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सामुदायिक रसोई, रेस्टोरेंट, ढाबों, होटलों और इंडस्ट्रियल कैंटीन को प्राथमिकता दी जाए। प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता से 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए कदम उठाने को भी कहा गया है।

### क्या है 'प्री-क्राइसिस लेवल'?

'प्री-क्राइसिस लेवल' का मतलब उस समय से है जब देश में गैस संकट शुरू नहीं हुआ था। फिलहाल राज्यों को बहुत कम सप्लाई मिल रही थी, जिसे अब बढ़ाकर पुरानी डिमांड का आधा (50%) किया गया है। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग मिडिल ईस्ट से कच्चे तेल और गैस सप्लाई लगभग रुक गई है। इसके चलते शुरूआत में होटलों जैसे कमर्शियल संस्थानों को होने वाली छढत्रॄ आपूर्ति में कटौती की गई थी, ताकि घरेलू सिलेंडर की सप्लाई में परेशानी न हो।

**ढाबों, होटलों और इंडस्ट्रियल कैंटीन को मिलेगी प्राथमिकता-** यह अतिरिक्त 20% गैस खास सेक्टरों को प्राथमिकता देकर दी जाएगी। डॉ. नीरज मित्तल के पत्र के मुताबिक, यह सप्लाई सबसे पहले रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल और इंडस्ट्रियल कैंटीन को मिलेगी। सरकार का मकसद है कि खाने-पीने की सेवाओं और फूड इंडस्ट्री पर किसी तरह का असर कम से कम पड़े।



### फूड प्रोसेसिंग और डेयरी सेक्टर को भी राहत

गैस की अतिरिक्त सप्लाई का फायदा फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और डेयरी सेक्टर को भी मिलेगा। इसके साथ ही, राज्य सरकार या स्थानीय निकायों द्वारा चलाए जा रहे सस्ती दर वाले कैंटीन और आउटलेट्स को भी इसमें शामिल किया गया है। सामुदायिक रसोई (कम्युनिटी किचन) को भी प्राथमिकता दी गई है, ताकि आम लोगों को आसानी से खाना मिलता रहे।

### प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलो वाले सिलेंडर की व्यवस्था

मंत्रालय ने प्रवासी मजदूरों की जरूरतों का भी ध्यान रखा है। पत्र में कहा गया है कि 5 किलो वाले त्रळ्छ गैस सिलेंडर प्रवासी मजदूरों को दिए जाएं। साथ ही, राज्यों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि इस अतिरिक्त गैस की कालाबाजारी या गलत इस्तेमाल न हो, इसके लिए सख्त कदम उठाए जाएं।



### अगले आदेश तक जारी रहेगी यह व्यवस्था

यह नई व्यवस्था 23 मार्च से लागू होगी और अगली सूचना तक जारी रहेगी। फिलहाल देश में एलपीजी की कमी है, ऐसे में सप्लाई को 50% तक बढ़ाना एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सरकार हालात पर नजर रखे हुए है, ताकि आगे चलकर सप्लाई को पहले जैसे सामान्य स्तर (100%) तक पहुंचाया जा सके।

### ईरान-अमेरिका और इजराइल जंग से गैस की कमी

ईरान पर 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर हमला किया। दोनों देशों ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों, मिसाइल साइटों और परमाणु सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अली खामेनी समेत कई बड़े अधिकारी मारे गए। इस अभियान को अमेरिका ने ह्लऑपरेशन एपिक फ्यूरीह्व नाम दिया। इस युद्ध के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव बढ़ गया और सप्लाई प्रभावित हुई। यही रास्ता भारत के लिए बहुत अहम है, क्योंकि देश का करीब 80-85% छढत्रॄ यहीं से आता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा छढत्रॄ आयातक है और 60% से ज्यादा गैस बाहर से मंगाता है। इसी वजह से देश में छढत्रॄ की कमी जैसी स्थिति बनी। हालांकि, सरकार ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा और साफ किया कि देश में गैस और तेल की कोई कमी नहीं है।

# भारत में आतंकी घटनाओं में 43% की कमी

## पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों में टॉप पर; आतंकी हमलों की संख्या में भी 22% गिरावट



**भारत में पिछले एक साल में आतंकी घटनाओं में 43% की कमी दर्ज की गई है। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 की सूची में भारत 13वें स्थान पर आ गया है। पिछले साल के मुकाबले भारत दो पॉइंट नीचे आ गया है।**

भारत में पिछले एक साल में आतंकी घटनाओं में 43% की कमी दर्ज की गई है। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 की सूची में भारत 13वें स्थान पर आ गया है। पिछले साल के मुकाबले भारत दो पॉइंट नीचे आ गया है। इससे पहले भारत 11वें स्थान पर था।

वहीं, सूची के अनुसार दक्षिण एशिया लगातार दसवें वर्ष आतंकवाद से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र बना हुआ है। पहली बार पाकिस्तान इस लिस्ट में टॉप पर है और आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देश बन गया है। अफगानिस्तान में हालात में सुधार है और यह अब टॉप 10 देशों की लिस्ट से बाहर आ गया है। दुनियाभर में 2025 में आतंकवाद से होने वाली मौतों में 28% की कमी आई है। आतंकी हमलों की संख्या भी लगभग 22% गिरकर 2,944 हो गई है। कुल मिलाकर इस साल 81 देशों में स्थिति सुधरी है, जबकि 19 देशों में स्थिति खराब हुई है।

### पश्चिम देशों में मौतें में 280% की बढ़ोतरी

पश्चिमी देशों में आतंकवाद से होने वाली मौतों में लगभग 280% तक बढ़ोतरी दर्ज की गई। साथ ही यूरोपियन यूनियन की रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में 14 यूरोपीय यूनियन (ईयू) देशों में कुल 58 आतंकी हमले दर्ज हुए। इनमें फ्रांस (14 हमले) और जर्मनी (6 हमले) प्रमुख रहे। इसके अलावा 20 ईयू देशों में आतंकवाद से जुड़े मामलों में 449 लोगों की गिरफ्तारी हुई। ब्रिटेन में 3000 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं।




हिंसा को लेकर डर खत्म करते हैं- चरमपंथी विचारधारा को ह्यकूलह्व या आधुनिक बनाकर पेश करते हैं। हिंसक घटनाओं को मजाकिया मीम्स में बदल दिया जाता है, जिससे युवाओं के मन में हिंसा का डर खत्म हो जाता है ।

गेमिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल- डिस्कॉर्ड, ट्विच, रॉबलॉक्स और फोर्टनाइट जैसे गेमिंग प्लेटफॉर्म पर अलग-थलग महसूस करने वाले किशोरों के साथ दोस्ती करते हैं और दिनों या घंटों के भीतर उनका विश्वास जीत लेते हैं।

गेमिफिकेशन- आतंकवाद को एक खेल की तरह पेश किया जा रहा है। ऑनलाइन समूहों में किल काउंट (मौतों की संख्या) के लिए स्कोरबोर्ड बनाए जाते हैं, जो युवाओं को हिंसा के लिए प्रेरित करते हैं।

फनल स्ट्रैटजी- कट्टरपंथी नेटवर्क पहले सोशल मीडिया पर युवाओं को पहचानते हैं और फिर उन्हें टेलीग्राम या सिग्नल जैसे एन्क्रिप्टेड चैट रूम में ले जाते हैं।

■ वर्ष-12 अंक-137 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 22 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

**प्रियवाक्य प्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति जन्तवः।**
**तस्मात तदैव वक्तव्यम वचने का दरिद्रता।।**

**भावार्थ** : मधुर वचन कहने से ही सभी जीव तृप्त होते हैं, इसलिए मधुर वचन ही बोलना चाहिए। इस तरह के शब्द कहना कितना कंजूस है।

**बन्धनानि खलु सन्ति बहूनि प्रेमरज्जुकृतबनधनमन्यत्।**
**दारुभेद निपुणोऽपि षडङ्घ्रि निष्क्रियो भवति पङ्कजकोशे।।**

**भावार्थ** : बंधन तो बहुत हैं लेकिन प्रेम बंधन जैसा नहीं है। लिली के खोल में लकड़ी भेदने का भ्रम (केवल प्रेम के बंधन के कारण) निष्क्रिय हो जाता है।

## सम्पादकीयम्

### विमानसेवा संकटस्य

विमानसेवा संकटस्य प्रतीक्षां कुर्वती आसीत् यत् नियमेषु शिथिलतां प्राप्तुं शक्नोति स्म? भारतीयविमानक्षेत्रे सम्प्रति इण्डिगो इत्यस्य ६५% विपण्यभागः अस्ति। अस्य ४१७ विमानानाम् बेडाः सन्ति, सामान्यदिनेषु प्रतिदिनं २२०० विमानयानानि चालयन्ति। न सम्झौता : संकटस्य प्रारम्भिकप्रतिक्रिया अपि आश्चर्यजनकम् आसीत्। सहस्राणि यात्रिकाः अटन्ति स्म, धनवापसीं प्राप्तुं संघर्षं कुर्वन्ति स्म, विमानसेवाः तु अत्यधिकं भाडां गृह्णन्ति स्म। सम्प्रति सर्वकारेण नूतनविनियमानाम् किञ्चित् शिथिलीकरणं प्रदत्तं यत् स्थितिं सामान्यीकर्तुं साहाय्यं कर्तुं शक्नोति। यद्यपि जनसामान्यं तत्कालं राहतं दातुं एतत् उचितं भवेत् तथापि नूतनानां एफडीटीएल-विनियमानाम् अन्तर्गतं कस्यापि परिस्थितौ सम्झौता न कर्तव्या। एते नियमाः अन्तर्राष्ट्रीयमानकानां अनुरूपाः सन्ति, विमानचालकानाम् स्वास्थ्याय, सुरक्षायै च अत्यावश्यकाः सन्ति। एकाधिकारं भङ्गः सर्वकारेण इण्डिगो इत्यस्मात् प्रतिक्रिया याचिता, परन्तु एषः समयः नीतीनां मूल्याङ्कनस्य अपि अस्ति। यदि कम्पनी नूतनविनियमानाम् सज्जतां न कुर्वती आसीत् तर्हि अधिकारिणः अनभिज्ञाः आसन् वा? किं इत्यस्य निगरानीयव्यवस्थायां सुधारस्य आवश्यकता वर्तते? वर्तमानसंकटः अस्मान् स्मारयति यत् कस्मिन् अपि क्षेत्रे एकाधिकाराः कियत् खतरनाकाः भवितुम् अर्हन्ति। विमानसेवानां मध्ये स्पर्धा ग्राहकाः उचितमूल्येषु उत्तमं सेवां प्राप्नुवन्ति इति सुनिश्चितं करोति।

## सीबीएसई चेतवति यत् यदि कोऽपि शिक्षकः

# बोर्डेन सवेर्षां शिक्षकाणां कृते आह्वानं कृतम् यत् ते संयमं कुर्वन्तु




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

एतेषु बहवः पदाः भ्रामकाः सन्ति, छात्राणां अभिभावकानां च मध्ये अफवाः प्रसारयितुं क्षमता च सन्ति। बोर्डेन स्पष्टीकृतं यत् मूल्याङ्कनप्रक्रिया सख्यं गोपनीयं भवति, कठोरप्रोटोकॉलस्य अन्तर्गतं च क्रियते; अतः सार्वजनिकमञ्चेषु तत्सम्बद्धं किमपि सूचनां साझां करणं अनुचितं मन्यते, नियमानाम् उल्लङ्घनं च भवति।

सीबीएसई चेतवति यत यदि कोऽपि शिक्षकः मूल्याङ्कनप्रक्रियायाः विषये सूचनां, अनुभवं, व्यक्तिगतटिप्पणीं वा सामाजिकमाध्यमेषु साझां करोति तर्हि तत् व्यावसायिकव्यवहारस्य उल्लङ्घनम् इति गण्यते, तेषां विरुद्धं अनुशासनात्मककार्याणि आरभ्यतुं शक्यन्ते। बोर्डेन सवेर्षां शिक्षकाणां कृते आह्वानं कृतम् यत् ते संयमं कुर्वन्तु, परीक्षाव्यवस्थायाः गौरवं विश्वसनीयतां च धारयन्तु।

अस्मिन् वर्षे सीबीएसई बोर्डपरीक्षाः १८ फरवरीतः आरब्धाः। अधुना १० कक्षायाः परीक्षाः समाप्ताः, यदा तु १२ कक्षायाः परीक्षाः १० एप्रिलपर्यन्तं निरन्तरं भवितुं निश्चिताः सन्ति। अस्मिन् वर्षे बोर्डपरीक्षायाः कृते कुलम् ४३.७ लक्षाधिकाः छात्राः पञ्जीकरणं कृतवन्तः, येषु १० कक्षायाः प्रायः २५.१ लक्षं छात्राः, प्रायः १८.६ लक्षं छात्राः च सन्ति 12. एतावता विशालसङ्ख्यायाः छात्राणां सहभागिताम् दृष्ट्वा बोर्डपरीक्षाव्यवस्थायाः पारदर्शितायाः विश्वसनीयतायाः च निर्वाहः सर्वोपरि महत्त्वपूर्णः इति मन्यते।

अस्य उद्देश्यस्य अग्रे सारयितुं सीबीएसई इत्यनेन १२ कक्षायाः उत्तरपत्राणां मूल्याङ्कनार्थं डिजिटल ऑन-स्क्रीन् मार्किंग् प्रणाली आरब्धा, या २०२६ तमस्य वर्षस्य बोर्डपरीक्षाभ्यः प्रभावी भवति। अस्याः प्रणाल्याः अन्तर्गतं उत्तरपत्राणि स्कैन् कृत्वा डिजिटलपोर्टल् इत्यत्र अपलोड् भवन्ति, यत्र शिक्षकाः प्रत्यक्षतया सङ्गणकपट्टिकासु मूल्याङ्कनं कुर्वन्ति, अङ्कान् च निरूपयन्ति। अस्मिन् क्रमे चिह्नानां गणना स्वयमेव भवति, तस्मात् दोषाणां व्याप्तिः न्यूनीभवति, अधिकं सटीकं मूल्याङ्कनं च सक्षमं भवति।

शिक्षाक्षेत्रस्य अन्तः विशेषज्ञाः सीबीएसई-संस्थायाः एतस्य उपक्रमस्य प्रशंसाम् अकरोत् यत् एतत समयसापेक्षं प्रगतिशीलं च पदानि इति। तेषां कथनमस्ति या् सामाजिकमाध्यमानां युगे अफवाः तीव्रगत्या प्रसरन्ति, परीक्षादिसंवेदनशीलविषयेषु दुर्सूचनाः छात्राणां अभिभावकानां च मध्ये अनावश्यकचिन्ता उत्पद्यन्ते। अस्मिन् सन्दर्भे परीक्षाव्यवस्थायाः विश्वसनीयतां निर्वाहयितुम् छात्राणां हितस्य रक्षणाय च बोर्डेन निर्गताः निदेशाः अत्यावश्यकाः सन्ति।

## पारम्परिकं वर्चस्वं

# आव्हानं कर्तुं दलेन विशिष्टा रणनीतिः कल्पिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

पारम्परिकं वर्चस्वं आव्हानं कर्तुं दलेन विशिष्टा रणनीतिः कल्पिता अस्ति। अत्र जातिसमीकरणानि-मेट्रो मॉडल् इत्यनेन सह विकासकार्यक्रमेण सह-टिकटवितरणस्य प्राथमिकं आधारं कृतम् अस्ति। अत एव दलेन पूर्वनौकरशाहान्, तृणमूलसमाजसेवकान् च निर्वाचनक्षेत्रे स्थापिताः। केरलस्य दक्षिणमध्यक्षेत्रेषु एते ४७ अभ्यर्थिनः दलस्य मतबैङ्के प्रवेशं कर्तुं सफलाः भविष्यन्ति इति भाजपा आशास्ति।

भाजपायाः प्रथमसूचौ मञ्जेश्वरसीटतः के.सुरेन्द्रनस्य नामानि सन्ति; उदमातः मैनुअल् मेलोथ्; कानहगडतः बलराज एम.; पय्यानुरतः ए.पी.गंगाधरन्; के.के. अझीकोडतः विनोद कुमारः; कन्नूरतः सी. रघुनाथः; मननथवाडी (एसटी) से पी. श्याम राज; कविता अ.सं. सुल्तान बथेरी (एसटी) इत्यस्मात्; वडाकारतः अधिवक्ता के.दिलीपः; कुट्टियाडीतः रामदास मनलेरी; सी. पी. नाडापुरमतः विपिनचन्द्रन्; क्विलाण्डीतः सी.आर.प्रफुल्ल कृष्णन; तथा पेराम्ब्रातः एम. मोहनन मास्टर।

दलेन सी.पी. बलुस्सेरी (अनुसूचित जाति) आसनस्य कृते सथीसनः; एलाथुरस्य कृते टी. देवदासः; कोझिकोड उत्तराय नवहरिदासः; कोझिकोड दक्षिणस्य कृते टी. रानीश; अधिवक्ता के.पी. बेयपुरस्य कृते प्रकाश बाबू; तथा वि.के. कुन्नामङ्गलं कृते सजीवः। तदतिरिक्तं शोरानूरतः संकु टी. दासः; ओट्टपालमतः मेजर रविः; मलम्पुझातः सी. कृष्णकुमारः; पलक्काडतः सोभा सुरेन्द्रन्; तथा चेल्लक्करा (अनुसूचित जाति) से के. बालकृष्णन् निर्वाचनं गृह्णीयात्, अधिवक्ता के.के. मनलूरतः अनीशकुमारः, त्रिशूरतः पद्माजा वेनुगोपालः, इरिंजलाकुडातः।

## कलाकारयोः अपारं लोकप्रियतां दृष्ट्वा तेषां विवाहसमारोहस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

विजयस्य पारम्परिकः विवाहरूपः, रश्मिकायाः गहने रक्तवर्णीयः दुल्हनसमूहः च अपि महत्त्वपूर्णं ध्यानं आकर्षितवान्; यदा अन्तिमेषु वर्षेषु बहवः प्रसिद्धाः वधूः पेस्टल् अथवा हल्के छायायाः विकल्पं कृतवन्तः, तदा रश्मिका पारम्परिकं रक्तवर्णं प्राथमिकताम् अददात्। तस्याः एषः निर्णयः प्रशंसकैः अपि बहुधा प्रशंसितः। उभयोः कलाकारयोः अपारं लोकप्रियतां दृष्ट्वा तेषां विवाहसमारोहस्य प्रत्येकं दर्शनं सामाजिकमाध्यमेषु द्रुतगत्या वायरल् भवति। प्रशंसकाः एतानि छायाचित्राणि बहुवारं साझां कुर्वन्ति, दम्पत्योः कृते एकत्र नूतनजीवनस्य शुभकामनाम् अपि प्रसारयन्ति। चलच्चित्रक्षेत्रस्य असंख्याकाः तारकाः, प्रशंसकाः अपि सामाजिकमाध्यमेषु अभिनन्दनार्थं गतवन्तः। दक्षिणभारतीयचलच्चित्रस्य लोकप्रियतमानां कलाकारानां मध्ये रश्मिका मण्डन्ना।

## राशिफल

**मेष** : 22 मार्च के दिन कोई बड़ी रुकावट नहीं आएगी। काम में गंभीरता की कमी ऑफिस लाइफ को प्रभावित कर सकती है।

**वृषभ** : 22 मार्च के दिन पॉजिटिव परिणाम देखने को मिल सकते हैं। सफलता पाने के लिए पेशेवर चुनौतियों का पूरा इस्तेमाल करें।

**मिथुन** : 22 मार्च के दिन प्रेमी को रिश्ते में खुश रखें। काम के प्रति आपकी मेहनत आपके करियर के मामले में बेहतर नतीजे लाएगी।

**कर्क** : 22 मार्च के दिन आप अपने बिजनेस को नए लेवल पर ले जाने के बारे में सोच सकते हैं। कुछ रिश्ते टॉक्सिक लग सकते हैं।

**सिंह** : 22 मार्च के दिन स्किल्स से क्लाइंट्स को प्रभावित भी करेंगे। यात्रा के दौरान ऑफिस में मुलाकात किसी से हो सकती है।

**कन्या** : 22 मार्च के दिन प्रेम संबंधों को वाद-विवाद से बचाकर रखें। आपकी मेहनत आपके पेशेवर जीवन में काम आएगी।

**तुला** : 22 मार्च के दिन छोटी-मोटी बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। प्रेमी को खुश रखें।

**वृश्चिक** : 22 मार्च के दिन धन की प्राप्ति होगी। ऑफिस व पर्सनल लाइफ दोनों के बीच संतुलन बनाए रखें।

**धनु** : 22 मार्च के दिन रिश्तों से जुड़ी दिक्कतों को सुलझाएं। करियर में नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**मकर** : 22 मार्च के दिन प्रेम जीवन में अहंकार को दूर रखें। अनुशासन पेशेवर जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा।

**कुंभ** : 22 मार्च के दिन आगे बढ़ने के कई विकल्प मिलेंगे। योजना को आगे बढ़ा सकते हैं लेकिन एक्सपर्ट की सलाह के साथ।

**मीन** : 22 मार्च के दिन आपकी लव लाइफ अच्छी रहेगी और आधिकारिक तौर पर आपको आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य ने की शनि के नक्षत्र में एंट्री, इन 3 राशि वालों के करियर में आएगा बड़ा बदलाव

सूर्य गुरु की राशि मीन में विराजमान है। यहां रहते हुए वह शनि के नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं। ऐसे में सूर्य, गुरु और शनि की यह संयुक्त ऊर्जा कुछ राशि वालों के लिए शुभ साबित हो सकती हैं।

ग्रहों के राजा सूर्य इस समय मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। यहां रहते हुए सूर्य उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं। यह नक्षत्र शनि देव के अधीन माना जाता है, जिन्हें न्याय, कर्म और संतुलन का कारक कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब सूर्य शनि के नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तो यह स्थिति बेहद खास बन जाती है। यह केवल बाहरी सफलता ही नहीं, बल्कि व्यक्ति के कर्म, निर्णय और जीवन की दिशा पर भी गहरा प्रभाव डालती है। यही नहीं ग्रहों की यह खास स्थिति जीवन में एक संतुलन बनाती है और जातकों के आत्मविश्वास व नेतृत्व की ऊर्जा को बढ़ाती हैं। ऐसे में सूर्य का यह गोचर किन राशियों के लिए लाभकारी रहने वाला है, आइए जानते हैं।



**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों के लिए यह गोचर शुभ साबित होगा। यह समय आपके भाग्य का दरवाजा खोल सकता है। लंबे समय से अटके हुए काम अब गति पकड़ सकते हैं। इस समय कर्क राशि वालों को करियर में नए अवसर मिलेंगे। साथ ही आप नए व्यापार की शुरूआत भी कर सकते हैं। अगर नौकरी में आप बदलाव की सोच रहे हैं, तो यह समय अनुकूल रहेगा। विदेश यात्रा से जुड़े सभी प्रयास सफल होते हुए नजर आएंगे। बड़ी बात यह है कि, पहले किए गए निवेश से अच्छा धन लाभ मिलने की प्रबल संभावना है।

**मकर राशि–** सूर्य नक्षत्र गोचर से मकर राशि वालों को धन लाभ हो सकता है। इस समय जातकों को नए काम, मकान, वाहन आदि की प्राप्ति हो सकती हैं। नई नौकरी के योग बन रहे हैं। मकर राशि वालों के विवाह में आ रही बाधाएं अब दूर होंगी। कुछ लोगों को घर या संपत्ति से जुड़ी खुशखबरी प्राप्त होने वाली हैं। शनि के प्रभाव से आपके अंदर स्थिरता और गंभीरता बनी रहेगी। मकर राशि वालों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। लक्ष्य को लेकर किए गए प्रयासों का मनचाहा फल प्राप्त होने वाला है। नए लोगों से मिल सकते हैं।

**मीन राशि–** मीन राशि के लिए यह गोचर सबसे ज्यादा प्रभावशाली माना जा रहा है। सूर्य आपकी राशि में विराजमान हैं और यहां रहते हुए उन्होंने नक्षत्र गोचर किया है। इसके प्रभाव से जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस होंगे। मीन राशि वालों को कोई शुभ समाचार मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन सुखमय होगा। कॉलेज में दाखिला मिल सकता है। छात्रों की उनके गुरुजनों से बात होगी, जिससे मन में चल रही उलझनों को दूर किया जा सकता है।

## खबर एक नजर...

### किराये पर लिये कैमरे नहीं लौटाने वाले पर केस दर्ज

**उज्जैन।** ग्राम भैसोदा में रहने वाले कृपाल सोलंकी से 1 मार्च को शादी समारोह में वीडियोग्राफी के लिये अवंतिपुरा में रहने वाले रजत बड़वाय ने 3 कैमरे किराये पर लिये थे। माधवनगर थाना क्षेत्र के विनायक कैफे के पास दिये गये 7.50 लाख के कैमरे 19 मार्च तक रजत ने नहीं लौटाये और आनाकानी करने लगा। उसका कहना था कि कैमरे गुजरात में चल रहे है। लाखों के कैमरे वापस नहीं लौटाने और आनाकानी करने पर शुक्रवार को फोटोग्राफर एसोसिएशन ने माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन देते हुए रजत के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी थी। पुलिस ने मामले में जांच के बाद रात में रजत के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार रजत की तलाश की जा रही है। वह घर पर नहीं मिला है, जल्द गिरफ्तार कर कैमरों की बरामदगी की जायेगी।

### ग्राहक बुलाने की बात पर दुकानदार पर कैंची से हमला

**उज्जैन।** महिदपुर में दुकान चलाने वाले मनोज पिता फकीर चंद जलल उर्फ 62 साल को हेमंतसिंह और संदीप परमार ने कैंची से हमला कर घायल कर दिया। घायल मनोज को महिदपुर अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि वृद्ध मनोज की दुकान की दुकान पर परिचित ग्राहक आये दिन सामान लेने आता है। पास में दुकान लगाने वाले हेमंत और संदीप ग्राहक को अपनी दुकान पर बुलाते है। इसी बात पर मनोज का दोनों से विवाद हुआ था। मामले में महिदपुर थाना पुलिस ने बताया कि घायल मनोज की शिकायत पर कैंची से हमला करने वाले दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों हमला करने के बाद भाग निकले थे।

### वोटर कार्ड के ईपिक नम्बर से हुई मृतक की पहचान

**उज्जैन।** रेलवे प्लेटफार्म नम्बर 8 से कुछ दूरी पर नागदा की ओर जाने वाले ट्रेक पर 2 दिन पहले एक युवक की लाश जीआरपी ने बरामद की थी। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये थे। मृतक के पास वोटर कार्ड मिला था, जिसके ईपिक नम्बर से पता चला कि मृतक गुजरात के भरूच का रहने वाला है। पुलिस ने संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर गांव के सरपंच का नम्बर प्राप्त किया और मृतक के घर वालों तक सूचना पहुंचाई। 2 दिन बाद शनिवार को उज्जैन पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक किरीत पिता माधवसिंह राणा 28 साल है। 2 साल पहले घर छोड़कर निकल गया था। वह मजदूरी करता था। जीआरपी ने आशंका जताई कि संभवतः वह देव-दर्शन के लिये उज्जैन आया था। उसके साथ हादसा हुआ है या फिर उसने आत्महत्या की है, यह जांच का विषय है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है।

### बीके यादव की बस ने बाइक चालक को कुचला

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम घौंसला-महिदपुर मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार रात बीके यादव की बस ने बाइक सवार दिनेश पिता संतोष राय बंजारा 34 साल निवासी घौंसला को पीछे से टक्कर मारकर कुचल दिया। दिनेश की मौके पर मौत हो गई। उसे घटनास्थल से महिदपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। शनिवार सुबह राघवी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा। पुलिस के अनुसार बस को जप्त किया गया। चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### महर्षि सांदिपनी प्रतिष्ठान के आवासीय विद्यालय में अत्याचार की चरम सीमा

# बच्चा तिलमिलाता रहा, अध्यापक बेंत से पीटता रहा

## अध्यापक ने मोबाईल बंद किया, सचिव वीरूपाक्ष जद्दीपाल नो रिप्लाय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महर्षि सांदिपनी वेद विद्या प्रतिष्ठान के आवासीय विद्यालय में अत्याचार की चरम सीमा और पाशविकता का विडियो सामने आया है। इस विडियो में बच्चा तिलमिलाता जा रहा है और बेरहम अध्यापक बेंत से उसे पीटता जा रहा है। इस दौरान वहां बैठे कुछ लोग मुस्कुरा रहे हैं जबकि उन्हें अध्यापक को ऐसा करने से रोकना चाहिए था। सीधे तौर पर इस दौरान बाल संरक्षण कानूनों को सीधी चुनौती दी जा रही थी। इस पूरे मामले का विडियो वायरल हो रहा है।

करीब 51 सेकेंड के विडियो का दृश्य कार्यालय का है। इसमें अध्यापक बेंत से मारने के दौरान किसी के बिस्तर पर क्यों सोते हो बोल कर मार रहा है। इसके बाद दुसरे के बिस्तर पर क्यों सोते हो बोलते हुए मार रहा है। विडियो में एक के बाद एक बेंत उसे अध्यापक मारते जा रहा है। विडियो में साफतौर पर सामने आ रहा है कि इस दौरान बच्चा एक-एक बेंत की मार से बूरी तरह से तिलमिला रहा है । इस दौरान करीब 10 बेंत बच्चे पर पूरे जोर से प्रहार की गई विडियो में सामने आ रही है। इस दौरान विडियो में वहां बैठे कुछ अध्यापक भी दिखाई दे रहे हैं जो बच्चे को छुडाने की बजाय इस पूरे घटनाक्रम को धृतराष्ट्र की तरह देख रहे हैं। विडियों में बच्चे के साथ मारपीट करने वाले अध्यापक की पहचान प्रतिष्ठान से जुडे सूत्रों ने सामवेद के शिक्षक दत्तदास शेवडे के रूप में की है।





### रात 10 बजे के लगभग की मारपीट-

विडियो 15 मार्च का होना सामने आ रहा है। लगभग रात 10 बजे का यह घटनाक्रम विडियो का रिकार्ड बता रहा है। अध्यापक के मारपीट के दौरान दुसरे अध्यापक ने इसका विडियो बनाया और अवसर पाते ही उसे वायरल कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार बच्चा इस दौरान आवासीय विद्यालय में सो चुका था उसे उठाकर बुलवाया गया और उसके बाद उसके साथ मारपीट की गई ।

### मोबाइल उठाया नाम सुनते ही काटा

बच्चे से मारपीट के इस मामले में शिक्षक शेवडे से उनके मोबाइल नंबर पर दैनिक अवंतिका ने संपर्क किया था। शेवडे ने इस दौरान काल पिकअप किया। जैसे ही उन्हें बताया गया कि दैनिक अवंतिका से बोल रहे हैं अत्याचारी शिक्षक ने संपर्क विच्छेद कर दिया और मोबाइल बंद कर लिया। इस मामले में प्रतिष्ठान के सचिव वीरूपाक्ष जद्दीपाल से उनके मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने पर उनके तीनों नंबर पर नो रिप्लाय होता रहा।

# छोड़कर गई पत्नी नहीं लौटी तो पति ने पिया एसिड

### उपचार के दौरान हुई मौत प्रेम विवाह किया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रेम विवाह करने वाले युवक ने शनिवार को एसिड पी लिया। उसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की जायेगी।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के राजीवनगर में रहने वाले जीवन पिता प्रकाश शर्मा 38 साल को उपचार के लिये शासकीय अस्पताल लाया गया था। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। भाई राकेश ने बताया कि जीवन ने एसिड पिया था। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा। एसआई दिनेश भाट ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी सामने आई है कि मृतक जीवन ने प्रेम विवाह किया था। वह काम-धंधा नहीं करता था, जिसके चलते पत्नी छोड़कर चली गई थी। वहीं भाई के अनुसार जीवन अकेला रहता था और कुछ दिनों से लगातार शराब भी पी रहा था, संभवतः शराब के साथ एसिड मिलाकर पिया था। पुलिस के अनुसार मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। उसके बाद ही घटनाक्रम पूरी तरह से स्पष्ट हो पायेगा कि जीवन ने अपनी जीवनलीला क्यों समाप्त की है।

**हरसोदन में युवक ने पिया फिनाइल-** पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम हरसोदन में रहने वाले टिशा पिता दिनेश 19 साल ने शनिवार शाम फिनाइल पी लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। अस्पताल स्टॉफ द्वारा घटनाक्रम से पंवासा थाना पुलिस को अवगत कराया है।

### चंदूखेड़ी बायपास मार्ग पर दुर्घटना, मौके पर हुई मौत

# महाकाल मंदिर से लौट रहे सिक्युरिटी गार्ड को ट्रक ने कुचला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। महाकाल मंदिर के सिक्युरिटी गार्ड को शनिवार शाम बड़नगर मार्ग फोरलेन मार्ग पर ट्रक ने कुचल दिया। गार्ड की दुर्घटनास्थल पर मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला था। परिजन खबर मिलने पर अस्पताल पहुंच गये थे।

ग्राम बलेड़ी में रहने वाला विशाल पिता गणपत परमार 25 साल महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड था। शाम को बाइक से घर लौट रहा था, उसी दौरान चंदूखेड़ी के पास फोरलेन बायपास पर विश्वकर्मा रोड लाइंस के ट्रक क्रमांक एमपी 09 बीके 8456 ने टक्कर मार दी। विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर दम तोड़ दिया। दुर्घटना देख आसपास के लोग आक्रोशित हो गये। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चिंतामण थाना प्रधान आरक्षक किशोर साहू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई और शव को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि ट्रक नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। चालक के हिरासत में आने पर सामने आ पायेगा कि कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक का रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### देरी से आने पर ड्युटी से किया मना

बताया जा रहा है कि महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम संभालने वाली कंपनी द्वारा अधिक संख्या में गार्डों की भर्ती कर ली गई है। जिन्हे रोटेशन में ड्युटी पर लगाया जा रहा है। विशाल 3 दिन बाद ड्युटी करने मंदिर पहुंचा था, लेकिन उसे देर हो गई थी। जिसके चलते उसे लौटा दिया गया था। वह वापस घर लौट रहा था, उसी दौरान दुर्घटना हुई है। उसकी बाइक क्रमांक एमपी 13 एफएन 5973 भी क्षतिग्रस्त हुई है।

### हिरासत में आई पत्नी, फरार पति की तलाश

# आबकारी की दबिश में मिला विदेशी शराब का जखीरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी में शराब प्रतिबंध होने के बावजूद पति-पत्नी घर से अवैध कारोबार कर रहे थे। आबकारी विभाग की टीम ने दबिश मारी तो सात तरह की विदेशी शराब की 100 बोतले बरामद हो गई। पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। फरार पति की तलाश जारी है।

आबकारी विभाग नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि दो दिनों से मक्सी रोड गोपालपुरा क्षेत्र में एक मकान से शराब बेची जाने की जानकारी सामने आ रही थी। सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक हिमांशु अग्रवाल, रानी सिंह, शुभांगी सरयाम, आरक्षक, सुनील अमृत्या, तुषार वर्मा, निशा, शिवानी की टीम गठित की गई। शुक्रवार- शनिवार रात गोपालपुरा में सर्चिंग शुरू की गई, इस दौरान पुख्ता जानकारी मिली कि अवैध शराब का कारोबार पवन बोरसी के घर से किया जा रहा है। टीम ने मकान पर दबिश मारी, पवन फरार होना सामने आया मकान में उसकी पत्नी भारती मिली। जिसे हिरासत में लिया गया और तलाशी शुरू की गई। इस दौरान रसोईघर, बेडरूम और एक कमरे से विदेशी शराब की 100 के लगभग बोतल बरामद हो गई। विदेशी शराब में ऑल सीजन, मैजिक मोमेंट, 8-पीएम, पिंक वोदका, मेंगो चिली, सिग्नेचर और बोल्ट बियर शामिल है। बरामद अवैध शराब की कीमत 1.10 लाख रुपये पाई गई है। भारती बोरासी को गिरफ्तार कर मामले में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपिया के पति को भी आरोपी बनाया गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। शनिवार को महिला आरोपिया को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पति की गिरफ्तारी के बाद मामले में और अधिक जानकारी सामने आ पाएगी।





इंदौर देवास के रास्ते लाते थे शराब

बताया जा रहा है कि बोरासी दंपति इंदौर देवास के रास्ते शराब उज्जैन लेकर आते थे। मोबाइल से संपर्क कर शराब पीने वालों को बोतल की डिलीवरी दी जाती थी। रात के समय घर से भी शराब उपलब्ध कराई जाती थी। अवैध कारोबार में पति के साथ पत्नी की भी पूरी मिली भगत थी। दोनों कई दिनों से अवैध शराब बेचने का काम कर रहे थे, लेकिन पूछताछ में आरोपिया द्वारा दो-चार दिन से ही अवैध शराब मामले में शामिल होना बताया गया है।

### पुलिस को नहीं अवैध कारोबार की सूचना

गोपालपुरा मक्सी रोड क्षेत्र माधवनगर थाने की सीमा में आता है। पुलिस द्वारा दिन रात क्षेत्र में भ्रमण किया जाता है और रात में गश्त लगाई जाती है, लेकिन कई दिनों से चल रहे अवैध शराब बेचने की जानकारी थाना पुलिस को नहीं मिल पाई। आबकारी विभाग ने सूचना मिलने पर सीधे कार्रवाई करते हुए अवैध शराब का जखीरा बरामद कर लिया। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी के अनुसार अवैध शराब के भंडारण और परिवहन के साथ बेचने की सूचना दूरभाष नंबर 0734-2551159 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com